जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

अजमेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

अजमेर, गुरुवार 2 दिसम्बर, 2021

पिछले 15 वर्षों से गीतांजली हॉस्पिटल आपके स्वास्थ्य का साथी

## गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, उदयपुर | गीतांजली कैंसर सेंटर उदयपुर


NABH ACCREDITED

GMCH GEETANJALI HOSPITAL HEALTH IS HAPPINESS

विश्वस्तरीय एडवांस टेक्नोलोजी
उचित दरों में आपके द्वार

# PET-CT SCAN

Discovery IQ Gen 2
3 Ring



### गीतांजली कैंसर सेंटर, उदयपुर की बहुआयामी विशेषताएं

| अत्याधुनिक रेडीयेशन थैरेपी
| डे-केयर यूनिट एवं कीमोथेरेपी
| रेडियो सर्जरी | ब्रेकीथेरेपी | 4-D सीटी स्केनर
| 4-D वर्कस्टेशन | कैंसर हेतु ऑपरेशन सुविधाएं

### पेट (पीईटी) सीटी :

- ऑन्कोलॉजी
- कार्डियोलॉजी
- न्यूरोलॉजी
- संक्रामक और सूजन संबंधी बीमारी में उपयोगी हैं|




| रेडियेशन ऑन्कोलोजिस्ट | मेडिकल ऑन्कोलोजिस्ट | सर्जिकल ऑन्कोलोजिस्ट | क्लीनिकल हेमेटोलोजिस्ट | न्यूक्लियर मेडिसिन | ऑन्को एनेस्थेटिस्ट एवं पेन एंड पैलिएटिव केयर |
|---|---|---|---|---|---|
| डॉ. ए.आर. गुप्ता<br>डॉ. रमेश पुरोहित<br>डॉ. किरण चिगुरूपल्ली | डॉ. अंकित अग्रवाल<br>डॉ. रेणु मिश्रा | डॉ. आशीष जाखेटिया<br>डॉ. अरूण पांडेय | डॉ. प्रतिभा धीमान | डॉ. नीतिश राज | डॉ. सीमा परतानी<br>डॉ. नवीन पाटीदार |

### अब तक के लाभार्थी

| 43,373+ | 4,018+ | 2,43,000+ | 1050+ | 290+ |
|---|---|---|---|---|
| कीमोथेरेपी | सर्जरी | रेडियोथेरेपी | ब्रेकिथेरेपी | रेडियोसर्जरी |

### ट्यूमर बोर्ड / TUMOR BOARD

इस बोर्ड के अन्तर्गत कैंसर की चारों शाखाएं प्रत्येक कैंसर ट्यूमर का समन्वित एवं योजनाबद्ध तरीके से उपचार को सुनिश्चत करती है|



### Linear Accelerator Elekta Vera HD

SRS, SBRT, IGRT, VMAT, IMRT, 3D CRT

I AM AND I WILL — World Cancer Day

Say No to Cancer — KNOW NO W / NO W

THE BEST PROTECTION IS EARLY DETECTION

- मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना (MMCSBY)
- राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (RGHS)
- भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS)
- कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC)
- उत्तर पश्चिमी रेलवे (NWR)
- हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL)
- स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (SBI)
- भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL)
- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI)
- राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड (RSMM)
- भारतीय खाद्य निगम (FCI)
- सभी महत्वपूर्ण टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत है।

गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल | नेशनल हाईवे-8 बायपास, एकलिंगपुरा चौराहा के पास, उदयपुर (राज.) | +91 77420 10111 | 91161 51129 +91 294 250 0044

## विचार बिन्दु

चापलूस आपको हानि पहुंचा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। –हरिऔध

# शासनतंत्र में प्रलोभनों से ही भ्रष्टाचार पनपता है

आज हर ओर एक ही शिकायत सुनने को मिलती है कि हमारी और हमारे देश की सभी समस्याओं की जड़ भ्रष्टाचार है जो व्यवस्था में खामी की वजह से है। सभी भ्रष्टाचार को बढ़ाने वाली व्यवस्था को बदलने की बात तो करते हैं किन्तु यह कैसे हो इसका कोई सर्वसम्मत जवाब नहीं मिलता। व्यवस्था तंत्र का तो हर अंग दूसरे के पाले में गेंद सरका देता है। इस जटिल मुद्दे की विवेचना से पहले कुछ जरूरी सामयिक सवाल पूछ लेना उचित होगा। क्या सत्ता भ्रष्ट होती है, या भ्रष्ट लोग सत्ता की ओर खिंचे चले आते हैं? लोग गबन करते हैं, रिश्वत लेते हैं और पुलिस वाले जो बेकसूरों को फंसाते हैं और अपराधियों को भागने में मदद करते हैं क्या वे सब व्यवस्था के परिणाम हैं या वे सिर्फ बुरे लोग हैं? यदि किसी को अचानक सत्ता मिल जाये तो क्या वह अपनी जेब भरने या अपने दुश्मनों से बदला लेने के प्रलोभन से अपने आप को बचा पाने में सक्षम होगा? नेता के बारे में हमारी सबसे बुनियादी धारणा क्या है? जब कोई राजनेता शीर्ष पर पहुंचता है तब उसके दिमाग में क्या चल रहा होता है? इन सवालों के साथ एक सवाल यह भी उठता है कि ऐसा क्यों लगता है कि लोकतंत्र में लोग गलत कारणों से गलत लोगों को सत्ता सौंपने के लिए किसी न किसी तरह आकर्षित हो जाते हैं। क्या व्यवस्था व्यक्तिगत व्यवहार को दिशा देती है? ये वे सवाल हैं जिनसे हम अपनी आज की परिस्थितियों को बेहतर तरीके से समझने का आधार बना सकते हैं। ये वे परिस्थितियां हैं जो लोकतान्त्रिक शासन में निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित करती हैं। निर्णय लेने की प्रक्रिया का निरंतर ऑडिटिंग एक अच्छे और सुचारु लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी है वह क्यों नहीं होती? भारतीय संविधान ने यह काम विधायिका तथा न्यायपालिका के जिम्मे निर्धारित किया है, किन्तु यह व्यवस्था पूरी तरह असफल रही है। सरकार के फैसलों के पीछे की कहानियां कभी साफ–साफ सामने नहीं आ पाती हैं। .

यह साफ दिखता है कि सत्ता राजनेता को ऐसा महसूस कराती है कि जैसे वह सर्वशक्तिमान हो गया है। नेता में ऐसा भाव आ जाना उसके भ्रष्ट आचरण की ओर झुकने का पहला संकेत होता है। तो यूं भी कह सकते हैं कि सत्ता व्यक्ति को भ्रष्टाचार की ओर धकेलती है। शासन में भ्रष्टाचार की परिभाषा भी यही है कि सत्ता में बैठे लोगों द्वारा किया गया बेईमानी का व्यवहार। वास्तव में यह बेईमानी का व्यवहार इतना विस्तृत होता है कि जिसकी कल्पना तक सामान्य जन नहीं कर पाते। कोई भला व्यक्ति सत्ता की राजनीति में आ कर भ्रष्ट कैसे हो जाता है? कुछ लोग मानते हैं कि लोग अपने आप ही अचानक भ्रष्ट हो जाते हैं; दूसरों का मानना है कि लोग सत्ता से प्रभावित होकर शनैः शनैः भ्रष्ट होते हैं।

देश में सत्ता के साथ भ्रष्टाचार का मेल एक खतरनाक व्यवस्था बन गयी है। भ्रष्टाचार में डूबे लोग यह नहीं देख पाते कि क्या सही है और क्या गलत है और क्या अच्छा और क्या बुरा है क्योंकि वे अपने को ताकतवर समझने लगते हैं। सत्ता की ताकत का अर्थ है दूसरों को दबाना, दूसरों को नियंत्रित करना, दूसरों पर शासन करना, दूसरों को अपनी इच्छाओं के अनुसार चलाना। यह ताकत नेता को सुख देती है। इसलिए, जो नेता सत्ता की ताकत पाता है, वह अपने को और अधिक शक्तिशाली बनाना चाहता है। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि ऐसा करके वह अपनी ताकत के एहसास के आनंद को और बढ़ाना चाहता है। दूसरी तरफ सत्ता साधारण और भले लोगों को नैतिक रूप से भी नीचे गिराती है। हमने यहां तक देखा है कि संत और महात्मा भी अपनी सत्ता के भ्रष्ट प्रभाव से अछूते नहीं रह पाते हैं।

युवा सरकारी अधिकारी जो बदलाव लाने के जज्बे के साथ प्रशासन तंत्र में बड़े उत्साह के साथ आते हैं वे भी सत्ता में रहते हुए भ्रष्ट हो जाते हैं। ऐसा तब होता है जब वे अपने हाथ में वह ताकत पाते हैं जिससे वे प्रतिस्पर्धी बाज़ार में किसी को लाभ पहुंचाने की स्थिति में होते हैं। ऐसे में भले अधिकारी भी बेईमानी की राह पर चल पड़ते हैं। उनका भ्रष्ट आचरण उसी क्षण शुरू हो जाता है जब वे मामूली उपहार स्वीकार करना शुरू करते हैं। धीरे–धीरे वे महंगे उपहार स्वीकार करने लगते हैं। बाद में पक्षपात करने के बदले में रिश्वत की बड़ी बड़ी राशियां स्वीकार करने में भी उनको कोई हिचक नहीं लगती। इसमें वे राजनेताओं को भी अपने जैसा बनाने के जतन कर लेते हैं। राजस्थान में लगभग रोजाना ही रिश्वत लेते पकड़े जाने के मामले जिस प्रकार सामने आ रहे हैं वह प्रशासनिक तंत्र में गहरे पैठी हुई अनैतिकता और बेईमानी को ही दर्शाते हैं। इसमें अब तो राजनेता भी पकड़े जा रहे हैं। यह भी किसी से छुपा नहीं है कि चुनावी राजनीति में शामिल होने की लोगों की बढ़ती आकांक्षा के पीछे अपने और अपनों के लिए धन–संपत्ति बना लेने की कामना ही सर्वोपरि होती है। लोक हित की बातें अब सिर्फ ज़ुबान पर होती है, दिल और दिमाग से नहीं होती।

**ईमानदार सामाजिक एवं राजनीतिक नेतृत्व ही लोगों में बेईमान सत्तावादी प्रवृत्तियों के खिलाफ ऐसा जज़्बा पैदा कर सकता है जो प्रलोभनों को नकार सके। आत्म संयमी बनने की कठिन राह पर चलना महात्मा गांधी ने सिखाया था वही भ्रष्ट सत्ता के पिशाच को मारने के लिए सबसे कारगर उपाय हो सकता है।**

आधुनिक भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण मोड लाने वाले 'आपातकाल' के बाद सर्वोच्च न्यायालय के अवकाशप्राप्त मुख्य न्यायधीश जे. सी. शाह ने वर्ष 1978 में इस समस्या को स्पष्ट तौर पर हमारे सामने रखा था तथा इससे उबरने का रास्ता भी सुझाया था। लोगों को याद होगा कि न्यायमूर्ति शाह ने आपातकाल के दौरान शासन द्वारा हुई ज़्यादतियों, कदाचारों और गलत कामों की जांच की थी। उन्होंने अपनी अंतिम रिपोर्ट में कहा था–"... साक्ष्यों से पता चला है, बेईमानी और झूठ तो आपात स्थिति के दौरान एक सरकारी रवैया बन गया था।" तब से अब तक रेगिस्तान में न जाने कितने रेत के धोरे अपना स्थान बदल चुके हैं। किन्तु आज भी बेईमानी के सरकारी रवैये की परिस्थितियां ज्यों की त्यों बनी हुई है। वास्तव में हालात बद से बदतर ही हुए हैं। ऐसा होना रोका जा सकता था यदि उनके निराकरण के लिए जो अपेक्षा न्यायमूर्ति शाह ने अपनी रपट में की थी उस पर अमल होता और सच्चे मन से एक सशक्त लोकतंत्र बनाने का प्रयास होता। परंतु जैसा कि होता रहा है कि न्यायिक आयोगों की रिपोर्टें अलमारियों में पड़ी धूल खाती हैं और उन पर कोई ध्यान ही नहीं देता, शाह आयोग की रिपोर्ट के प्रति खोजना भी आज मुश्किल होगा।

अपनी रिपोर्ट में जस्टिस शाह ने कहा था:– "अगर हमें अपने देश के प्रशासन तंत्र को अपने बच्चों के लिए सुरक्षित बनाना है तो प्रशासनिक सेवाओं को चाहिए कि वे ईमानदार व कार्यकुशल प्रशासन के आधारभूत आदर्शों के लिए दृढ़ता से काम करें और अपने को कसौटी पर खरा उतार कर दिखाएं। केवल यही वह तरीका है जिसके जरिये प्रशासन के प्रति जनता का खोया विश्वास फिर से पनप सकता है। अगर हमें भावी पीढ़ियों के लिए एक लोकतान्त्रिक उत्तरदायी परंपरा छोड़नी है तो हमें देश की सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक योजनाओं में सत्य को उसका उचित स्थान फिर से देना होगा। इसमें असंभव कुछ भी नहीं। "न्यायमूर्ति शाह ने जब ये पंक्तिया आपातकाल की ज़्यादतियों पर अपनी रिपोर्ट में लिखी तब जैसी परिस्थितियां थी आज उससे भी भयानक परिस्थितियां हमारे सामने हैं। मगर जब ऊपर से नीचे तक झूठ और फरेब से ही काम सधते हों तब 'सत्य को उसका उचित स्थान' देने की बात करना भी बेमानी लगता है। आज तो लगता है हालात एकदम हाथ से ही निकल गए हैं क्योंकि प्रशासनिक सेवाओं के लोग लोक सरोकारों की तिलांजलि देते हुए जिस प्रकार सत्ता के शीर्ष पर बैठे व्यक्ति के प्रति वफादारी अब निभा रहे हैं वह अभूतपूर्व है। अब ऊपर से दबाव की जगह अफसरों की अपनी महत्वाकांक्षाएं भी उनके व्यवहार तय करने लगी हैं। जिस बड़ी संख्या में सेवानिवृत्ति के बाद प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को सरकारी और अर्धसरकारी संस्थाओं में उनकी नियुक्तियां होती हैं उसके बुरे नतीजे सामने आने पर भी किसी को तकलीफ नहीं होती। अफसरों की चुनावी राजनीति की महत्वाकांक्षाएं भी सिर चढ़ी हुई हैं।

कोई भी निर्बाध सत्ता एक सच्चे लोकतंत्र के लिए अनुकूल नहीं होती। उस पर सतत अंकुश बना रहना जरूरी है वरना उसके अधिनायकवाद में बदल जाने में समय नहीं लगता। भारतीय संविधान ने सत्ता पर नियंत्रण और संतुलन का प्रभावी इंतज़ाम किया है फिर भी सतर्क नागरिक ही सत्ता की ताकत के दुरुपयोग के खिलाफ एकमात्र सुरक्षा के उपाय हो सकते हैं। ताकतवर नेताओं, नौकरशाहों और अन्य के संदिग्ध कार्यों को बेनकाब करने में मीडिया के लोग अपनी उपयोगी भूमिका निभा सकते हैं बशर्ते कि वह खुद उनसे गठबंधन न कर बैठे। एक मजबूत न्यायपालिका भी सत्ता के दुरूपयोग पर लगाम लगा सकती है जिसकी संविधान ने व्यवस्था कर रखी है। किन्तु ये सारी व्यवस्थाएं धरी रह जाती है जब लालच सिर पर चढ़ जाता है। सतर्क नागरिक अपने आप तैयार नहीं हो सकते। उसके लिए भी शिक्षण की जरूरत होती है। किन्तु हमारी शिक्षा प्रणाली इस काम के लिए तैयार नहीं है। ईमानदार सामाजिक एवं राजनीतिक नेतृत्व ही लोगों में बेईमान सत्तावादी प्रवृत्तियों के खिलाफ ऐसा जज़्बा पैदा कर सकता है जो प्रलोभनों को नकार सके। आत्म संयमी बनने की कठिन राह पर चलना महात्मा गांधी ने सिखाया था वही भ्रष्ट सत्ता के पिशाच को मारने के लिए सबसे कारगर उपाय हो सकता है।

**–अतिथि संपादक**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# राजस्थानी काव्य में गांधीजी : "दुनिया गांधी न समझैली, आ धरा सरग ज्यूं बणजासी"

यद्यपि अजमेर और ब्यावर के अतिरिक्त राजस्थान के किसी भी भाग में महात्मा गांधी (1869–1948 ई.) का पदार्पण नहीं हुआ किन्तु देश के अन्य भागों की भांति तत्कालीन राजपूताने की देशी रियासतों का जन जीवन भी उनके क्रियाकलापों से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका। यहां के निवासियों पर समय–समय पर शोषण व अन्याय के विरूद्ध किये गये आंदोलनों में गांधीजी का नैतिक समर्थन और मार्ग दर्शन बराबर मिलता रहा। अनेक राजस्थानी साहित्यकारों ने भी अपने काव्य के माध्यम से गांधीजी को श्रद्धांजलि अर्पित की है।


राजस्थान के वीरों ने तोप, तलवारों और बंदूकों से शत्रुओं पर विजय प्राप्त की थी किन्तु गांधी एक अहिंसा हथियार से ही महान् योद्धा सिद्ध हुए। श्री सांवल दान आसिया के शब्दों में:–

**"बिन तोपां, बंदूकां, बिन तरवारा, बिन तीर।**
**एक अहिंसा हूत हूं, बणियों गांधी वीर।।"**

घर में दीवार पर देवी–देवताओं के साथ गांधीजी का भी चित्र लगा हुआ है। बालक अपनी मां से पूछता है क्या यह भी कोई देवता है? बीकानेर के स्व. श्री गिरधारी सिंह पड़िहार के शब्दों में मां बच्चे को समझाती है:–

**ओ बीज नाख रमम्यो बाबो, धन बरसैला ऊंचो आसी,**
**दुनियां गांधी न समझेली, आ धरा सरग ज्यू बणजासी।**
**तू भोलो टाबरियो छोटो, जद मोटो होसी भाव भर्‌यो।**
**समझैलो गांधी बाबा न, ओ कियां जियो ओ कियां मर्‌यो।।**

अर्थात् यह उस गांधी बाबा का चित्र है जो बीज (आजादी) की बुवाई कर अंतर्ध्यान हो गया। ज्यों–ज्यों इस बीज का पौधा प्रस्फुटित होकर बड़ा होगा और फल देगा तब धन–धान्य की वर्षा होगी। जब यह विश्व गांधी को समझने लगेगा तब यह पृथ्वी स्वर्ग बन जायेगी। मेरे



बच्चे। अभी तूं छोटा है, जब बड़ा हो जायेगा तब तेरे समझ में आयेगा कि उसने किस प्रकार से अपना जीवन व्यतीत किया और किस प्रकार से स्वर्ग को सिधान गया।

श्री लल्लू प्रसाद 'सुमन' ने गांधीजी की ज्ञानी और दानी की परिभाषा व्यक्त करते हुए लिखा है–

**"या है गांधी जी की बाणी रे,**
**ऊंच नीच का बंधन तोड़े सोही ज्ञानी रे।**
**हरिजणां न गलै लगावे, बोले मीठा बोल,**
**मिनख मिनख न भाई मानें, मन की घुंडी खोल,**
**सोही सांचो दानी रे, या है गांधी जी की बाणी रे।।"**


जहां कही भी बापू जाते, अपार जन समूह उनका हृदय से स्वागत करता और वातावरण सुखमय हो जाता। कविराज मेघराज मुकुल के काव्य का रसास्वादन कीजिये –

**"तारा झुक झुक झांरवण लाग्या, चांदडलो मुसकायो।**
**पवन झकोरो बांध घुंधरू, ठुम्मक ठुम्मक आयो।।**
**बादलियो बूंदा कँ सुरमें, रिमझिम गीत सुनायो।**
**आज देश री धरती जागी, गांधी बाबो आयो।।**
**आजादी री लड़ी लड़ाई सात समंदर हाल्या।**
**गोरा बिस्तर बांध बापडा, पाछा घर न चाल्या"।।**

राजस्थानी के सुप्रसिद्ध कवि बुद्धि प्रकाश पारीक ने लिखा है कि बापू सजग और सुदृढ़ थे तथा सत्य में सबसे आगे थे –

**"ज्यूं काली कॉमल पर, कोई रंग न लागे,**
**ज्यूं सामंत मरजाय, न रण सूं ओठो भागे।**
**ज्यू जग के सोयां, रात भर जोगी जागे,**
**त्यूं बापू छा सजग, सुदृढ़ सत मं सब आगे"।।**

गांधीजी के साथ माता कस्तूरबा के त्याग का महत्व भी कम नहीं है। वह पतिव्रत रूपी पतवार लिए हुए बापू की



छाया के समान सदैव अपना योग देती रही। श्रीमती मधुमति प्रभूणे ने राष्ट्रमाता 'बा' को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए लिखा है–

**"करड़ी री कस्तूरबा साजन रो सत पेख।**
**छाया जिम छाई रही, गांधी गौरव मेख।।**
**रामलार सीता रही, रुक्मण किरसन लार।**
**बापू लारे 'बा' रही, पतिव्रत री पतवार।।"**

कविवार मोहर सिंह राठौड़ ने लिखा है कि बापू के निधन के बाद उनका गुणगान तो बहुत हुआ है किन्तु उनके गुणों का अनुसरण नहीं किया गया। इस प्रकार के आचरण से कैसे निर्वाह होगा? गांधीवाद की आड़ लेकर जो जानबूझकर अत्याचार करते हैं। उन्हें गांधीजी का नाम लेने का अधिकार नहीं है।

**"गांधी गुण गाया धणा, पण धार्‌या न एक।**
**सोचो हिरदे हाथ रख, कींकर रहसी टेक।।**
**गांधीवाद री ओट से, जुलम करे जानेह।**
**नाम लेणरो हक नहीं, गांधी रो बानेह।।"**


**– देवी सिंह नरूका,**
**( वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार )**

# ममता से मुक्ति या ममता में मुक्ति

शारीरिक स्वायत्तता (ऑटोनोमी) की रक्षा करना, अपना अस्तित्व बनाये रखने के लिए आवश्यक है। इसकी सुरक्षा के लिए स्वतः विकसित रक्षा संस्थान जीन (आनुवांशिक गुण सूत्र) आधारित होता है। यह रक्षा संस्थान स्वायत्तता के लिए शरीर की जीन संरचना को पहचानता है, उसे आत्मसात करता है। किन्हीं दो व्यक्तियों की जीन संरचना एक जैसी नहीं होती, सिवा युनिओव्यूलर (एक ही ओवम – स्त्री बीज – से विकसित) जुड़वां बच्चों के। शरीर का रक्षा संस्थान इसे पहचानता है और इसकी रक्षा करने को प्रतिबद्ध, अपना प्रतिरक्षा संस्थान विकसित करता है। स्वयं की जीन संरचना से इतर अन्य कोई भी जीन संरचना के तत्व को प्रतिरक्षा संस्थान शरीर में प्रवेश नहीं करने देता। और अगर किसी तरह प्रवेश कर भी जाए तो उन्हें नष्ट कर बाहर फेंक देता है। इस प्रतिरक्षा प्रक्रिया को इम्यूनिटी कहते हैं।

अगर किसी के शरीर में उसके जीन से इतर जीन का प्रवेश करवाना हो तो पहले उसके प्रतिरक्षा संस्थान को मनाना होता है, उसका शमन करना होता है, उसे प्रभावित कर अपने पक्ष में करना होता है। यह प्रकृति का शाश्वत नियम है। भ्रूण के आधे गुणसूत्र पिता से आते हैं। ये विषम गुणसूत्र माता के रक्षा संस्थान को सहज स्वीकार नहीं होते। आवश्यक है कि भ्रूण के आगमन से पहले माता के रक्षा संस्थान को इनके प्रति जागरूक, संवेदनशील और अनुकूल बनाया जाय।

प्रजनन में भ्रूण के पितृ जीन के प्रति मातृ रक्षा संस्थान की संवेदनशीलता इसी के अनुरूप सहज समागम से विकसित होती है, सहज सहवास और समागम से। महिला गर्भवती हुई। गर्भ की पहली और दूसरी तिमाही तक सब



सामान्य चला। तीसरी तिमाही में महिला को सर दर्द रहने लगा। पेट के ऊपरी भाग में तेज दर्द भी। दिखाया। रक्तचाप बढ़ा हुआ था। मूत्र परीक्षण पर प्रोटीन्यूरिया पाया गया। टखने, पानी जमा होने से फूल गये थे। इसे प्री–एक्लेम्पसिया कहते हैं। यह 10 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं में होता है। इसमें महिला का प्रतिरक्षा संस्थान गर्भस्थ शिशु के जीन्स के प्रति सर्वथा संवेदनशील नहीं हो पाया है। फलस्वरूप, मां का रक्षा संस्थान शिशु के विकास में बाधा डालता है, मस्तिष्क विकास को प्रभावित करता है, समय पूर्व प्रसव को प्रेरित करता है। उधर शिशु के विषम जीन तत्वों की प्रतिक्रिया में मां की रक्तवाहनियां क्षतिग्रस्त होती हैं, जिससे उसके गुर्दे और लिवर क्षतिग्रस्त होते हैं। अधिकांश महिलाओं में प्री–एक्लेम्पसिया के रक्तचाप पर काबू कर सफल प्रसव संभव होता है। लेकिन कुछ में मां का रक्षा संस्थान बेकाबू और उग्र हो जाता है। लिवर की गंभीर क्षति से घातक स्थिति बन जाती है या प्री–एक्लेम्पसिया पूर्ण एक्लेम्पसिया का रूप ले लेता है, जिसमें घातक तांण आते है। और इन सब का प्रमुख कारण होता है मां का असहिष्णु रक्षा संस्थान।

अनुसंधान से उजागर हुआ है कि वीर्य में 93 ऐसे तत्व चिन्हित हुए हैं जो मां के रक्षा संस्थान को पितृ जीन्स के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। योनि से अवशोषित हो कर ये तत्व इम्यून मोड्यूलेशन का कार्य करते हैं। यह एक सतत प्रक्रिया है। यह पाया गया है कि एक ही पुरुष से दीर्घ कालिक समागम करने वाली महिलाओं में प्री–एक्लेम्पसिया बहुत कम में होता हैं। यह भी पाया गया कि नियमित निरोध (कंडोम) युक्त समागम करने वाली महिलाओं में यह अधिक होता है। अनुसंधान से पाया गया है कि बच्चे के विषम जीन्स के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में बिना कंडोम के सामान्य समागम की महत्वपूर्ण भूमिका है। जैविक प्रयोग पर इसकी पुष्टि हुई है। जिन महिलाओं में बार बार स्वतः गर्भपात या प्री–एक्लेम्पसिया होता है उन्हे 'टी जी एफ–बीटा' नामक वीर्य में चिन्हित इम्यून मोड्यूलेटर फेक्टर देने से लाभ होता है। जिन पुरुषों के वीर्य में इस फेक्टर की कमी होती है उनसे गर्भ धारण करने वाली महिलाओं में गर्भ क्षरण या प्री–एक्लेम्पसिया अधिक होता है।

स्त्रीत्व की चरमावस्था, चरमोत्कर्ष मातृत्व होता है। यह प्रकृति नियत है; सनातन, सार्वभौम, शाश्वत। मातृत्व में ही स्त्री की मुक्ति है। और बिना स्व को त्यागे मुक्ति नहीं मिलती। आज जनसंख्या नियंत्रण के लिये चल रहे व्यापक मातृत्व से मुक्ति अभियान ने असहज स्थिति उत्पन्न कर दी है। प्रकृति नियत मातृत्व में मुक्ति और समाज नियत मातृत्व से मुक्ति के बीच समन्वय ही आज की स्त्री का जीवन संकट है, त्रासदी भी।

**– डॉ. श्रीगोपाल काबरा**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर बच्चे, कभी भी हो सकती है बड़ी अनहोनी



**क्षतिग्रस्त विद्यालय भवन एवं बाहर बेठे शिक्षक एवं अध्ययनरत विद्यार्थी।**

**चाकसू,** (निसं)। सरकारी बजट में भी शिक्षा के नाम पर काफी खर्च करने की बात कही जाती है लेकिन इन सबके बावजूद राजस्थान में शिक्षा का स्तर सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। जयपुर जिले कि चाकसू उपखंड के ग्राम बड़ली का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन जर्जर हालत में है, जिसके कारण वहां के बच्चे भय के माहौल में पढ़ ने को मजबूर हैं लेकिन प्रशासन को इसकी परवाह नहीं है।

ये स्कूल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। जर्जर हो चुके स्कूल की बिल्डिंग में कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। विद्यालय भवन की हालत को देखकर प्रधानाचार्य को भी सर्दी के मौसम में भी बच्चों को खुले में बैठाकर पढ़ाने के निर्देश अध्यापकों को देना पड़ रहा है। विद्यालय के 178 बच्चे किस तरह पढ़ ते होंगे, इसका अंदाज इस भवन की हालत देखकर लगाया जा सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी छत और फर्श की दीवारें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। बच्चे जब इस क्षतिग्रस्त भवन के कमरों में बैठकर अध्ययन करते हैं तो घर में बैठे उनके माता–पिता को उनकी चिंता रहती है।


विद्यालय पीटीआई रामजीवन ने बताया कि शिक्षा के मंदिर की हालत बेहद खराब हो गई है कक्षा कक्षों में इस हालत में शिक्षण कार्य करवाना संभव नहीं है इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से मजबूरन बच्चों को खुले में बिठाकर पढ़ाया जा रहा है।

**शिकायत करने पर भी प्रशासन कर रहा नजरअंदाज** : लगभग 60 – 70 साल पुरानी यह बिल्डिंग आज अपना वजूद खो रही है। इस बारे में जब स्कूल के प्रधानाचार्य रामकिशोर बैरवा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसकी लिखित शिकायत कई बार ब्लॉक शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में दी जा चुकी है। लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लिखित शिकायत में बिल्डिंग को ध्वस्त करने की मांग की गई है लेकिन अब तक बिल्डिंग इसी जर्जर हालात में खड़ी है। वहीं सीबीईओ हनुमान सहाय मीणा ने बताया कि जर्जर स्कूल के भवन के बारे में जानकारी मिली है। फिलहाल उसकी जांच के लिए बीओ को निर्देशित किया है एवं रिपोर्ट पर भवन की हालत को देखते हुए मरम्मत या नए भवन के निर्माण की मांग का प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति के लिए विभाग को भेजा जाएगा।

# विद्यापीठ का देश में 39वां एवं राजस्थान में द्वितीय स्थान

**उदयपुर,**(कासं)। द इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क. आईआईआरएफ की ओर से 2021 में देश के सरकारी व पब्लिक विश्वविद्यालयों की इम्पैक्ट रैंकिंग में जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि को देश में 39वां स्थान राजस्थान में द्वितीय व उदयपुर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आईआईआरएफ की ओर से जारी इस वर्ष की इम्पैक्ट रैंकिंग में 1000० से अधिक संस्थानों को विभिन्न श्रेणियों में रैंक दिया गया। कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि संस्थापक जनुभाई द्वारा 1937 में स्थापित इस संस्था ने कई नये कीर्तिमान स्थापित किया है। हम सभी का सपना है कि इस संस्था को विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान दिलाने की है जिसके लिए सभी कार्यकर्ता इस ओर अग्रसर है। वंचित व आदिवासी वर्ग को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए स्थापित इस संस्था ने वंचित वर्ग को सुलभ चिकित्सा सुविधा मिले इस ओर भी अपने प्रयास तेज कर दिए है और अतिशीघ्र डबोक परिसर में 13 करोड़ की लागत से बने 120 बेड वाले हॉस्पिटल का आगामी दिनों में शुभारंभ करने जा रही है जिससे डबोक क्षेत्र के आसपास के आमजन को इसका लाभ मिलेगा। इसमें केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा जारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिलेगा। यूनी रैंक द्वारा कराये गये सर्वे में भी विद्यापीठ ने प्रदेश में सातवाँ व उदयपुर में पहला स्थान प्राप्त किया है। संस्था को नेक ने भी ए ग्रेड से नवाजा है। यह सब समर्पित व निष्ठावान कार्यकर्ताओं की ही बदौलत हो पाया है। रजिस्ट्रार डॉण् हेमशंकर दाधीच ने कहा कि विद्यापीठ की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य दक्षिणी राजस्थान के श्रमजीवी और वंचित वर्ग को समुचित शिक्षा प्रदान करना है। कार्य के नोडल अधिकारी डॉ. चन्द्रेश कुमार छतलानी ने बताया कि उक्त रैंकिंग मुख्यतः तीन विशेष मापदंडों पर आधारित है जिसमें विवि के कार्यों का समाज पर प्रभावए विभिन्न हितधारकों के कल्याण तथा उच्च शिक्षा के पैमाने पर संयुक्त राष्ट्र सतत विकास के 17 वें लक्ष्य पर उतरना शामिल है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### गुरूवार 2 दिसम्बर, 2021

मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2078, स्वाती नक्षत्र सायं 4:27 तक, स्वाती नक्षत्र सायं 4:59 तक, गर करण दिन 10:01 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृश्चिक, चन्द्रमा–तुला, मंगल–तुला, बुध–वृश्चिक, गुरू–कुम्भ, शुक्र–धनु, शनि–मकर, राहु–वृष, केतु–वृश्चिक राशि में।

आज भद्रा रात्रि 3:27 से शुक्रवार प्रात: 6:41 तक है। आज प्रदोष व्रत, मास शिवरात्रि है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:21 तक, चर 10:58 से 12:16 तक, लाभ–अमृत 12:16 से 2:52 तक, शुभ 4:11 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:03, सूर्यास्त 5:29

**मेष**
परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। मानसिक तनाव दूर होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**मिथुन**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क**
परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण सोच–विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्य योजना बन सकती है। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश हो सकते हैं।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक**
धार्मिक कार्य पर धन खर्च हो सकता है। धार्मिक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्य के लिए भागदौड़ रहेगी।

**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**मकर**
व्यावसायिक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक सुविधाओं में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्य के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 26 संख्याः 122 प्रभात अजमेर, गुरुवार 2 दिसम्बर, 2021 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.



*नवम्बर की एक सुबह 20,000 से ज्यादा वैस्टर्न मोनार्क तितलियां यूकलिप्टस की एक शाखा पर बैठी हुई थीं, ऐसा लग रहा था किसी ने वृक्ष को नारंगी रंग की लेस से सजा दिया है। हर साल इस प्रजाति की तितलियों की 30 प्रतिशत आबादी कैलिफोर्निया के पिस्मो बीच पर देखी जाती है। ये तितलियां मीलों लम्बा सफर तय करके यहां सर्दियाँ बिताने आती हैं। मात्र एक साल पहले ये खूबसूरत तितलियां मानो गायब ही हो गई थीं। गत वर्ष पिस्मो बीच पर दो सौ से कम तितलियां ही आईं, जो अब तक की सबसे कम संख्या है। समूचे कैलिफोर्निया तट पर 2000 से कम तितलियां गिनी गईं। लेकिन इस वर्ष वार्षिक गणना शुरु होने से पहले ऐसा लग रहा है कि, कैलिफोर्निया के तट पर इनकी संख्या में भारी वृद्धि देखाई देगी। तितलियों की संख्या हालांकि बढ़ी है, पर शोधकर्ताओं का मत है कि संख्या बढ़ने का अर्थ यह नहीं है कि, यह प्रजाति सुरक्षित है, अभी भी इनकी आबादी सामान्य से कम है। ज़रसीज़ सोसायटी एक संठन है जो परागणकर्ता कीटों और अन्य कीटों के संरक्षण के लिए काम करता है, इसकी कंज़र्वेशन जीववैज्ञानिक एमा पैल्टन ने कहा कि ''एक समय था जब कैलिफोर्निया के तट पर 40 लाख से एक करोड़ तक तितलियाँ आती थीं। नब्बे के दशक तक इनकी आबादी घटत-घटते मात्र दस लाख रह गई और आगामी दशकों में तो आबादी मात्र 2 लाख रह गई। सन् 2017 की वार्षिक गणना में तो मात्र 30,000 तितलियाँ ही आईं। पैल्टन ने कहा कि मोनार्क जुझारु हैं और अनुकूलन करने में सक्षम हैं पर उनके सामने लगातार चुनौतियाँ आ रही हैं। इस वर्ष थोड़ी ही सही, पर आबादी बढ़ी है इसमें अच्छी बात यह है कि अभी देर नहीं हुई है। इन तितलियों को तेज गर्मी, जंगल की आग और सूखे के साथ-साथ कैलिफोर्नियां में तेज बर्फीले तूफानों का भी सामना करना पड़ा है। कुछ तूफान तो इतने तेज थे कि पेड़ उखड़ गए और तितलियां जमीन पर गिर गईं। लंबे समय तक इस प्रजाति का अध्ययन करने वाले, वॉशिंगटन स्टेट युनिवर्सिटी के डेविड जेम्स का कहना है कि स्थानीय लोग, मिल्कवीड जैसे पौधे, जो इन तितलियों को प्रिय हैं, उगाकर और कीटनाशकों का इस्तेमाल कम करके इन तितलियों की मदद कर सकते हैं।*

# दिल्ली में नहीं मिली इजाज़त अब जयपुर में होगी कांग्रेस की रैली

## 3 दिसंबर को स्थान तय करने जयपुर आएंगे वेणुगोपाल और माकन

जयपुर, 1 दिसम्बर (का.प्र.)। कांग्रेस की महंगाई हटाओ रैली का आयोजन 12 दिसंबर को दिल्ली की बजाय जयपुर में होगा। दिल्ली पुलिस की ओर से दी गई रिपोर्ट के बाद उपराज्यपाल की ओर से कांग्रेस को रैली की अनुमति नहीं मिलने के बाद कांग्रेस ने दिल्ली में होने वाली महारैली को राजस्थान की राजधानी जयपुर में शिफ्ट कर दिया है। रैली की तैयारियों का जायजा लेने कांग्रेस संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल और प्रदेश प्रभारी अजय माकन 3 दिसंबर को जयपुर आएंगे। उसी दिन तय होगा कि जयपुर में यह रैली कहां होगी, क्योंकि जयपुर में एक लाख से ज्यादा की भीड़ इकट्ठा होने के लिए फिलहाल नज़र में कोई स्थान नहीं है। ऐसे में विद्याधर नगर या किसी ग्रामीण क्षेत्र में इस रैली का आयोजन कराया जा सकता है।

- **उसी दिन तय होगा कि, जयपुर में यह रैली कहां होगी। क्योंकि जयपुर में एक लाख से ज्यादा की भीड़ इकट्ठा होने के लिए कोई स्थान नहीं है।**
- **ऐसे में विद्याधर नगर या किसी ग्रामीण क्षेत्र में इस रैली का आयोजन कराया जा सकता है।**

रैली में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका और सांसद राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे। महंगाई हटाओ रैली में देश भर से कांग्रेस कार्यकर्ता जयपुर पहुंचेंगे। अतः रैली करवाने के लिए भी कांग्रेस पार्टी को जयपुर में बड़ी स्थान की आवश्यकता होगी। रैली के लिए जयपुर में प्रस्तावित जगहों में जयपुर के विद्याधर नगर, मानसरोवर या फिर चौमू हो सकते हैं। हालांकि मानसरोवर में आवासन मंडल की ओर से पार्क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। अब प्रस्तावित स्थानों में विद्याधर नगर या फिर कोई ग्रामीण क्षेत्र हो सकता है। अभी जगह को लेकर अंतिम फैसला नहीं हुआ है, लेकिन रैली में शामिल होने के लिए देशभर से कांग्रेस के करीब 1 लाख कांग्रेस कार्यकर्ता जयपुर आ सकते हैं। महारैली को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। स्थान तलाश करने का काम आज से ही शुरू हो गया है और 3

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जयपुर के ज्वैलर ग्रुप के 50 ठिकानों पर इन्कम टैक्स के छापे

## पांच सौ करोड़ रुपये की अघोषित आय के सबूत मिले?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। आयकर विभाग ने जूलरी और रंगीन रत्नों का निर्माण एवं निर्यात करने वाले जयपुर के एक ग्रुप पर हफ्ते भर तक छापेमारी कर 500 करोड़ रुपयों से अधिक की अघोषित आय का पता लगाया है। ग्रुप के जयपुर एवं आसपास स्थित 50 से अधिक परिसरों में जांच पड़ताल की गई।

ग्रुप के स्वामियों ने 72 करोड़ रुपयों की अघोषित आय स्वीकार की है। इस जब्ती में 9 करोड़ के आभूषण और 4 करोड़ की नकदी शामिल है। यह ग्रुप सैमी प्रैशस और प्रैशस रत्नों की रफ अफ्रीकी देशों से आयात कर उन्हें जयपुर में तैयार करवाता रहा है। कट व पॉलिश्ड स्टोन्स से अर्जित आय को छिपाया गया और इसके कुछ हिस्से को खाता बहियों में दर्ज किए बिना नकद बेचकर बेहिसाब आय अर्जित की गई।

- **यह ग्रुप अफ्रीकी देशों से सैमी प्रैशस व प्रैशस माल मंगाता था, तथा जयपुर में ''प्रोसैसिंग'' कराकर विदेश को निर्यात किया करता था।**
- **आयकर विभाग का मानना है कि, प्रोसैस्ड माल, बिना बिल के, नकद रकम लेकर बेचा जाता था। इस अघोषित बिक्री से हुई आय को यह ग्रुप ब्याज पर लगा देता था, नम्बर दो के मार्केट में।**
- **ग्रुप ने 72 करोड़ रुपये की अघोषित आय होने की बात तो कबूल कर ली है, तथा छापे के दौरान आयकर विभाग को नौ करोड़ रुपये की ज्वैलरी व 4 करोड़ रुपये नकद भी मिला।**

इस बेहिसाब आय का उपयोग एक फायनैंस ब्रोकर के जरिए नकद ऋण उपलब्ध करवाकर ब्याज कमाने में किया गया। जांच टीम ने नकद ऋणों और अर्जित ब्याज के डिजीटल और दस्तावेजी साक्ष्य बरामद किए। ब्रोकर ने इस तरह के लेन देन होना स्वीकार किया है।

बेहिसाब क्रय एवं विक्रय स्टॉक में अन्तर, अवास्तविक असुरक्षित ऋण और शेयर एप्लीकेशन मनी संबंधी आपत्तिजनक साक्ष्य भी पाए गए हैं।

इसके अलावा ग्रुप की स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन (एस.ई.जैड) में संचालित इकाईयों के भी दस्तावेज मिले हैं जिनसे संकेत मिलता है कि ग्रुप इन इकाइयों से ऊंचे लाभ की घोषणा कर अनुचित कार्यों में लगा था, क्योंकि इन इकाइयों से प्राप्त आय, आयकर अधिनियम के अन्तर्गत कर मुक्त है।

## मुआवज़ा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर वर्ष भर चले विरोध प्रदर्शनों के दौरान मरे किसानों के परिवारों को किसी प्रकार के मुआवजे के भुगतान से बुधवार को पल्ला झाड़ लिया। भुगतान को लेकर उनका कहना था कि केन्द्र सरकार के पास उक्त किसानों की मौतों का कोई रिकॉर्ड नहीं है। इन तीनों कानूनों को गत सोमवार ही निरस्त किया गया था।

- **केन्द्रीय कृषि मंत्री तोमर ने संसद में कहा कि, किसानों के धरने के दौरान मरने वाले आंदोलनकारियों की न तो कोई अधिकृत सूची है, और न ही मृत्यु के कारणों का विवरण, अतः मुआवज़ा किस आधार पर दिया जा सकता है।**

तोमर, कांग्रेस के मनीष तिवारी द्वारा किसानों की मौत को लेकर पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। तिवारी ने यह भी पूछा कि क्या सरकार उनके परिजनों को मुआवजा राशि देने की मंशा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सरकार ने सैन्ट्रल विस्टा प्रोजैक्ट का काम जारी रखने के पक्ष में तर्क दिये

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। केन्द्र ने सैन्ट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के निर्माण को जारी रखने को बुधवार को उचित ठहराया तथा एक शपथ-पत्र में सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि इसका निर्माण इसलिये नहीं रोका गया था क्योंकि यह राष्ट्रीय महत्व का प्रोजेक्ट है।

दिल्ली के प्रदूषण पर गुरुवार को होने वाली सुनवाई से एक दिन पहले यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर दिया गया है, क्योंकि मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना की अध्यक्षता वाली बैंच ने सोमवार को केन्द्र से कहा था कि वह इस बिन्दु पर अपना स्पष्टीकरण दे कि सैन्ट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का काम पूरे जोर-शोर से क्यों और कैसे चल रहा है, जबकि इस अदालत ने अपने 24 नवम्बर के आदेश में राष्ट्रीय राजधानी में सभी प्रकार के निर्माण कार्यों पर फिर से रोक लगा दी थी। इस बैंच में दो अन्य जज हैं- न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड तथा सूर्यकान्त। बैंच दिल्ली के 17 वर्षीय छात्र आदित्य दुबे द्वारा दायर की गई उस याचिका की सुनवाई कर रही है, जो दिल्ली तथा उससे जुड़े क्षेत्रों में हो रहे वायु-प्रदूषण से सम्बन्धित हैं।

केन्द्र ने दावा किया है कि सैन्ट्रल विस्टा के निर्माण कार्य के कारण राष्ट्रीय राजधानी में कोई वायु-प्रदूषण नहीं हो रहा है क्योंकि प्रौजेक्ट 'कन्स्ट्रक्शन एंड डिमॉलिशन वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स' की अनुपालना कर रहा है। शपथ-पत्र में कहा गया है कि सैन्ट्रल विस्टा रिडवलपमेंट, जो ''राष्ट्रीय महत्व'' का प्रोजेक्ट है, के अलावा, दिल्ली में केन्द्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा चलाई जा रही निर्माण-सम्बन्धी सभी गतिविधियाँ सर्वोच्च न्यायालय द्वारा, वायु-प्रदूषण पर काबू जाने के उद्देश्य से, दिये गये निर्देशों की अनुपालना में रोक दी गई हैं।

नैशनल कैपिटल रीजन (एन.सी. आर.) में बदतर होती जा रही वायु की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुये, सर्वोच्च न्यायालय ने 24 नवम्बर को एन.सी.आर. में निर्माण कार्यों पर दोबारा रोक लगा दी थी। केन्द्र सरकार का सन्दर्भित जवाब उस समय आया है, जब शीर्ष अदालत ने 29 नवम्बर को केन्द्र तथा राज्य सरकारों से कहा था कि वे, प्रदूषण पर काबू पाने के लिये दिये गये निर्देशों की अनुपालना से सम्बन्धित रिपोर्ट पेश करें। दिल्ली के छात्र आदित्य दुबे की ओर से प्रस्तुत हुये वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने जोर देकर कहा कि जब निर्माण सम्बन्धी सारे काम रोक दिये गये हैं, उस समय भी, राष्ट्रीय राजधानी के बीचों बीच सैन्ट्रल विस्टा रिडवलपमेंट बेरोक-टोक जारी है।

लेकिन, केन्द्र ने बुधवार को पेश किये गये शपथ-पत्र के जरिये, इसका जवाब देते हुये कहा है कि सरकार सैन्ट्रल विस्टा रिडवलपमेंट के लिये, प्रदूषण ने होने देने वाले सारे उपाय काम में ले रही है, जैसे-ऐन्टी-स्मॉग गन्स, मिस्ट-स्प्रे सिस्टम, मैग्नीशियम क्लोराइड जैसे डस्ट सप्रैसेन्ट्स का उपयोग, निर्माण-सामग्री इधर-उधर लाने-ले जाने के लिये कन्वेयर बैल्ट्स का उपयोग तथा पूरी निर्माण-सामग्री को नमीयुक्त स्थिति में रखना आदि।

- **सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी प्रोजैक्ट जारी रखने का कारण यह बताया कि, यह प्रोजैक्ट राष्ट्रीय महत्व का काम है तथा प्रोजैक्ट को जारी रखते समय वे सभी ''प्रिकॉशन्स'' की सख्ती से पालना की गयी, तथा सभी हिदायतें बरती गयीं, जो प्रदूषण पर नियंत्रण रखने के लिये लागू की गयी हैं।**

शपथ पत्र में कहा गया है कि अगर बैंच चाहे तो केन्द्र सरकार सैन्ट्रल विस्टा स्थल पर काम में लिये जा रहे प्रदूषण नियंत्रण उपायों का अतिरिक्त विवरण प्रस्तुत करने के लिये भी तैयार है।

## कंगना रनौत की टिप्पणियाँ सैंसर हों?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। एक वकील ने सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर करके, अदालत से अनुरोध किया है कि वह बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रानौत द्वारा भविष्य में की जाने वाली सभी सोशल मीडिया पोस्टों को सैंसर किये जाने के निर्देश जारी करे ताकि भारत में कानून-व्यवस्था सम्बंधी समस्याएं रोकी जा सकें।

एडवोकेट सरदार चरणजीत सिंह चन्दरपाल ने कंगना के इन्स्टाग्राम की पोस्ट का हवाला दिया है कि ''सिख किसान जो खालिस्तानी आतंकवादी है, उन्होंने 1984 के सिखों के नरसंहार को सही ठहराया है इस टिप्पणी को एक तरह से यह दावा किया गया है कि सिखों को अवांछित मच्छरों की तरह निम्न जाति के रुप माना जाना चाहिए तथा उन्हें इंदिरा गांधी जैसे गुरु की जरुरत है।''

उन्होंने कहा कि ऐसे बयान विभिन्न धर्मों में नस्ल के आधार पर भेदभाव और नफरत पैदा करते हैं। इससे सोशल मीडिया पर भड़काने वाली, उत्तेजना पूर्ण बहस छिड़ सकती है, यहां तक कि दंगे भी हो सकते हैं। याचिका कहती है कि, ये टिप्पणियां ना केवल घ्रणा फैलाने वाली एवं ईशनिंदा के बराबर है बल्कि इनका इरादा साम्प्रदायिक फसाद करवाने, धार्मिक भावनाओं को आहत करने का है, ये बेहद अपमानजनक है तथा सिखों को राष्ट्रविरोधी रुप में दर्शाती है। यह निर्दोष सिखों की हत्या को उचित ठहराती हैं। ये टिप्पणियां हमारे देश की एकता के एकदम खिलाफ हैं और अभिनेत्रों को इसके लिए कानून के अनुसार गंभीर दंड दिया जाना चाहिए। इन्हें दरकिनार नहीं किया जा सकता है।

- **सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि, कंगना रनौत की सोशल मीडिया पर डाली गयी टिप्पणियाँ, बहुत आपत्तिजनक, भड़काऊ होती हैं, अतः उन पर सैंसर लागू होना चाहिए, नहीं तो, देश में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है।**

# क्या ऑमक्रॉन से प्रेरित होकर यात्राओं/फ्लाइट्स पर प्रतिबंध लगाना उचित है?

## यात्राओं पर प्रतिबंध लगाने से कोई खास लाभ नहीं है, बल्कि कई देश इस वायरस के बारे में सही जानकारी शेयर करने से कतरायेंगे, और इस वायरस के बारे में रिसर्च करने में अनावश्यक विलम्ब होगा

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। ऑमक्रॉन का प्रकोप और फैलाव एक उम्मीद के मुताबित प्रतिक्रिया सामने लाया है क्योंकि विश्वभर के देशों में यात्रा पर पूर्ण प्रतिबन्ध लागू करने की होड़ मची हुई है। वास्तव में जबसे वायरस के नए स्ट्रेन का पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका से पता चला, विश्व के दर्जनों देशों ने इसकी प्रतिक्रिया यात्रा प्रतिबंधों के रूप में दी है, जिनमें अधिकांशतः दक्षिण अफ्रीका देशों को निशाना बनाया गया है।

लेकिन कोविड-19 वायरस के नए स्ट्रेन के प्रति क्या ऐसी अविचारित प्रतिक्रिया न्यायोचित है, यह वह प्रश्न है जिस पर देशों की सरकारों को जरूर विचार करना चाहिए क्योंकि नए स्ट्रेन के अभी शुरूआती दिन ही हैं और इसको लेकर प्रमाणिक रूप से कुछ भी सिद्ध नहीं किया गया है कि नया वायरस आखिरकार लोगों को किस तरीके से प्रभावित करेगा।

इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि वर्ल्ड हैल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यू.एच.ओ.) ने यह चेतावनी देने में तत्परता बरती कि पूर्ण यात्रा प्रतिबंध ऑमक्रॉन के प्रसार को नहीं रोक सकेंगे। ए.एफ.पी. की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्व स्वास्थ्य इकाई ने यदि कुछ चेतावनी दी है तो वह यह कि पूर्ण यात्रा प्रतिबन्धों से कुछ अच्छा होने के बजाए नुकसान का जोखिम अधिक है।

डब्ल्यू.एच.ओ. ने एक यात्रा परामर्श में चेतावनी दी कि प्रतिबंधों की वजह से देश इस नए वायरस के डेटा शेयर करने से अन्ततः दूर रहेंगे।

लेकिन उसने यह सलाह भी दी कि 60 की उम्र से अधिक के लोगों सहित वैक्सीन नहीं लगवा चुके लोग, जिन्हें कोविड-19 होने का जोखिम है, को वायरस के जन संक्रमित क्षेत्रों की यात्रा से परहेज करना चाहिए।

डब्ल्यू.एच.ओ. प्रमुख टेड्रो एडनॉम धेब्रेयसस ने कहा कि उन देशों की बात भी जायज है जो एक ऐसे वेरियन्ट के प्रति अपने नागरिकों को सुरक्षित रखना चाहते है, जिसके बारे में हम अब तक पूर्ण रूप से समझ नहीं पाए हैं लेकिन उन्होंने देशों से जोखिम कम करने के तर्क संगत एवं यथानुपात उपाय करने का अनुरोध करते हुए मांग की कि वैश्विक प्रतिक्रिया ''शांत, समन्वित और सुसंगत हो।'' यात्रा के विस्तृत प्रतिबंधों की निरर्थकता तब रेखांकित हुई जब नीदरलैण्ड्स की सरकार ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका ने 25 नवम्बर को ऑमक्रॉन के पहले केस की पुष्टि की थी, लेकिन उनके देश में यह वेरियन्ट उससे पहले मौजूद था।

डच हैल्थ अथॉरिटीज़ ने मंगलवार को कहा कि इस वायरस को साथ लायी दो फ्लाइट्स के आने से पहले नीदरलैण्ड्स में ऑमक्रॉन उससे पहले से था। नैशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हैल्थ (आर.आई.वी.एम.) ने कहा कि 19 और 23 नवम्बर को लिए गए दो टैस्ट सैम्पल्स में हमें ऑमक्रॉन करोना वायरस वेरिएन्ट का पता चला। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या इन लोगों ने दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की थी?

- **यह सच नहीं है कि, दक्षिण अफ्रीका से आये लोगों के माध्यम से ही यह वायरस फैलता है, क्योंकि उदाहरण के लिये, हालैण्ड में ऑमक्रॉन से संक्रमित मरीज मौजूद थे, द. अफ्रीका से पहली फ्लाइट आने के पहले से।**

इधर स्वदेश में बहस इस बात को लेकर चल रही है कि ऑमक्रॉन वेरिएन्ट के प्रति कोविशील्ड कितनी कारगर है। सीरम इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डिया के सी.ई.ओ. अदार पूनावाला के अनुसार ऑमक्रॉन के विरुद्ध कोविशील्ड की प्रभावोत्पादकता का पता अगले दो-तीन हफ्तों में चल जाएगा। पूनावाला ने एन.डी.टी.वी. को बताया कि फिलहाल यह नहीं कहा जा सकता कि क्या ऑमक्रॉन अधिक खतरनाक है अथवा नहीं। फिर भी ऑमक्रॉन का ख्याल रखते हुए एक बूस्टर डोज़ संभव है।

पूनावाला की टिप्पणी ''द लांसैट'' के एक अध्ययन के बाद सामने आई, जिसमें कहा गया था कि कोविशील्ड डेल्टा वेरिएन्ट के दौरान भी वायरस का मुकाबला करने में कोविशील्ड काफी कारगर रही थी और इसने मरने व अस्पताल में भीर्ती होने का जोखिम महत्वपूर्ण रूप से कम किया था। उन्होंने कहा कि ऑमक्रॉन के प्रति कोविशील्ड के प्रभावी होने को लेकर अध्ययन भी चल रहे हैं तथा हमें इसके लिए कुछ हफ्तों की प्रतीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑक्सफोर्ड के वैज्ञानिक अनुसंधान में लगे हैं और उनके निष्कर्षों के आधार पर हम एक ऐसी नई वैक्सीन बना सकते हैं, जिसे आगामी छह महीनों में बूस्टर डोज़ के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

तथापि, ऑमक्रॉन वैरिएन्ट के बारे में अभी काफी कुछ ज्ञात नहीं है, इसलिए वह निर्धारित करने में कई सप्ताह लग सकते है कि इससे वैक्सीन से किस हद तक बचा जा सकता है, फिर भी इसने यह जता दिया है कि कोविड-19 के विरुद्ध वैश्विक अभी समाप्त नहीं हुई है।

## मीडिया पर लगायी गई पाबंदियां!

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने उच्च सदन के सभापति को पत्र में इस बात पर ''गहरा दुख'' व्यक्त किया है कि लगातार पाँचवे सत्र में संसद की कार्यवाही की कवरेज के मामले में मीडिया का मुँह अप्रत्यक्ष रुप से बंद कर रखा है। खड़गे द्वारा मंगलवार को राज्यसभा के सभापति एम. वैंकेय्या नायडू के सौंपे गये इस पत्र में कहा गया है, ''मीडिया प्रतिष्ठानों के केवल मुट्ठी-भर प्रतिनिधियों को ही प्रैस-गैलरी में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है, सैन्ट्रल हॉल में वरिष्ठ पत्रकारों का प्रवेश पूरी तरह रोक दिया गया है तथा पत्रकारों को संसद भवन के अहाते में सांसदों के साथ बात करने की अनुमति नहीं है।''

- **राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर, मीडिया पर संसद की कार्यवाही रिपोर्ट करने में बाधा बन रही पाबन्दियों को हटाने की पुरजोर मांग की।**

उन्होंने कहा कि अनेक नये ऐसे प्रतिबंध एवं पाबंदियाँ मनमाने तरीके से लगा दी गई हैं, जिनके चलते मीडिया लोकतंत्र के इस मंदिर से पूरी तरह बहिष्कृत हो गया है।

उन्होंने कहा कि संसद देश की राजनैतिक गतिविधियों के तंत्र का केन्द्र हुआ करती है तथा मीडिया ने सदैव ही अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन किया है कि सदन के पटल पर उठाये जा रहे ज्वलंत सार्वजनिक मुद्दों के बारे में आम जनता को पूरी जानकारी मिलती रहे। खड़गे ने कहा कि बहुत से वरिष्ठ पत्रकार तथा प्रैस के प्रतिष्ठान, वरिष्ठ सांसदों तथा लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष इस मुद्दे को कई बार उठा चुके हैं। खड़गे ने सभापति से अनुरोध किया कि वे इस समस्या का समाधान करें, जिससे मीडिया पहले की तरह बिना किन्हीं पाबंदियों के अपने कर्तव्य का निर्वहन करता रहे।

# चोरी के शक में चली गोली, एक की मौत, दूसरा घायल

**भीलवाडा,** (निसं)। जिले के बिजोलिया क्षेत्र के दो युवकों को मध्यप्रदेश के सिंगोली में चोरी के शक में गोली मार दी गई, एक ही गोली दो लोगों को लगने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जो वहां से भागकर भीलवाड़ा आ गया। जिसे गंभीर हालत में महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

मध्यप्रदेश के सिंगोली थाने के हेड कांस्टेबल सुरेश कटारिया ने बताया कि थाना क्षेत्र के बडवता जंगल में मंगलवार को एक युवक के गोली लगने से मौत होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त बिजौलिया थाना क्षेत्र के चीताबडा गांव में रहने वाले कैलाश पुत्र रामूडा कंजर के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि मृतक कैलाश के साथ बाइक पर इसी गांव का राहुल कंजर नाम का युवक भी था। वो भी गोली लगने से घायल हो गया था। जो अभी बिजोलिया पुलिस की देखरेख में महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती है।



**भीलवाडा में गोली लगने से घायल हुए युवक को बिजोलिया पुलिस की देखरेख में महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया।**

सिगोली पुलिस की ओर से बुधवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम करवाया जाकर शव परिजनो को सौप दिया गया। इधर, महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती राहुल ने पुलिस को बताया कि उनकी भैंस खो गई थी।

उसे ढूंढने कि लिए वह गांव से 11 किलोमीटर दूर सिंगोली थाना इलाके के गोविंदपुरा जंगल में ढूंढने के लिए गए थे। यहां बड़ावता के जंगल में रास्ते में जा रहे एक पशुपालक ने उन पर गोली चला दी। गोली पहले कैलाश को लगी। उसका शरीर चीर कर गोली राहुल के छाती में लगी। जिससे कैलाश की मौके पर ही मौत हो गई।

**■ लापता भैंसों को ढूंढने एमपी के सिंगोली पहुंच गए दो युवक**

वहीं, राहुल बाइक लेकर वहां से भाग छूटा और भीलवाडा अस्पताल में आकर भर्ती हो गया। मध्यप्रदेश पुलिस इस पुरे मामले को चोरी की घटना मान रही है। पुलिस का कहना है कि घायल द्वारा घटना दोपहर 12 बजे के आस पास की बताई जा रही है।

पुलिस को अंदेशा है कि दोनों युवक गोविंदपुरा इलाके में पशुओं की चोरी करने के लिए आए होंगे। इस क्षेत्र के जंगलों में पशुओं को चोरी करने की पहले भी कई बार घटनाएं हो चुकी है। इन युवकों ने या तो चोरी का प्रयास किया होगा या उन पर चोरी का शक हुआ होगा। पुलिस को यह भी संदेह है कि कोई भी व्यक्ति संदेह में सीधे ही गोली नहीं चला सकता। पुलिस फ़िलहाल इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# शिक्षकों ने अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया

**मदनगंज-किशनगढ,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के 61वें जिला शैक्षिक सम्मेलन के दूसरे दिन प्रस्ताव सत्र प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा व जिलाध्यक्ष गणेश जांगिड की मौजदगी में शुरू हुआ।

प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि शिक्षकों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर एकता का सदैव परिचय देना होगा। शिक्षकों ने सर्वसम्मति से शिक्षको की समस्याओं पर मंथन कर राज्य सरकार को भेजे जाने वाले प्रस्तावो पर मुहर लगाई। जिलाध्यक्ष जांगिड़ ने बताया कि महत्वपूर्ण मांगों के समाधान के लिये राज्य सरकार के समक्ष सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।प्रस्ताव सत्र में महासंघ द्वारा घोषित 29 व 30 नवंबर को चेतावनी प्रदर्शन के अलावा 1 दिसम्बर से उपखंड कार्यालयों पर धरना दिये के बावजूद सरकार ने संवादहीनता तोडकर कर्मचारियों एवं शिक्षकों की जायज मांगो के बारे में कोई कार्यवाही नही की।

इस दौरान अठावाल, कैलाश शर्मा, घासीराम जाट, सत्यनारायण शर्मा, अन्वेषी किशोर, छोटूलाल रायका, गीता जडिया, मो. आरीफ, भागचंद चौधरी, विजय सिंह गौड़, बृजमोहन जांगिड़, मंजू शर्मा, यज्ञनारायण नामा, अशोक शर्मा, नेमीचंद सुनारीवाल,अरुण रोजरा ने विभिन्न प्रस्ताव रखे। चुनाव अधिकारी त्रिलोक यादव ने प्रांतीय पर्यवेक्षक मो.हनीफ की निगरानी में अजमेर जिले की नई कार्यकारिणी घोषित की।



**शिक्षकों ने सर्वसम्मति से शिक्षकों की समस्याओं पर मंथन कर राज्य सरकार को भेजे जाने वाले प्रस्तावों पर मुहर लगाई।**

कार्यकारिणी में सभाध्यक्ष के पद पर गणेश जांगिड, जिलाध्यक्ष कल्याण सिंह भाटी, मंत्री शिवनारायण चौधरी, कोषाध्यक्ष योगेश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी, महिला उपाध्यक्ष रेखा जैन, उपाध्यक्ष विजय सिंह गौड़, अति.जिला मंत्री चांदमल सोलंकी, महिला मंत्री कमला त्रिपाठी, उ.मा.वि.प्रतिनिधि राजेंद्र सेन, मा.वि.प्रति. भगवान सिंह, उ.प्रा. विद्या. प्रति. सुशीला तिवारी व चुन्नीलाल, प्रा.वि.प्रति. भंवरी देवी, प्रदीप साहू, शा.शि.प्रति. सपना पंवार, अल्प भाषा प्रति.अंकित शर्मा तथा प्रबोधक प्रतिनिधि भागचंद चौधरी को निर्विरोध चुना गया। संचालन उप शाखाध्यक्ष रविंद्र दोसाया ने किया।

## संक्षिप्त

### साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। साइबर जागरूकता के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन जेएलएन मेडिकल कॉलेज सभागार में हुआ। जेएलएन के प्राधानाचार्य वीर बहादुर सिंह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में बुधवार को साइबर जागरूकता दिवस मनाया गया। इसमें साइबर विशेषज्ञ के रूप में शमशेर सिंह, पुलिस उपअधीक्षक जगमाल दाहिमा, सहायक उपनिरीक्षक रामबाबू, राज. पुलिस एवं अभिनीत चौधरी के द्वारा बताया कि वर्तमान समय में अधिकाधिक कार्य ऑनलाईन होने लगे है। साइबर तरीके से प्रताडित किये जाने की स्थिति में 155260 पर तुरन्त शिकायत करनी चाहिए। इसमें महाविद्यालय के डॉ. सुनील कुमार माथुर अतिरिक्त प्रधानाचार्य द्वितीय, डॉ. आशुतोष श्रीवास्वत वरिष्ठ आचार्य, डॉ. दीपा थदानी आचार्य डॉ विकास सक्सेना आचार्य, उप निदेशक महाविद्यालय गणेशा राम एवं विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

### एडीए के शिविर आयोजित होंगे

**अजमेर,** (निसं)। प्रशासन शहरों के संग अभियान के अंतर्गत अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा कच्ची बस्ती नियमन के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे। अजमेर विकास प्राधिकरण के सचिव किशोर कुमार ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित कच्ची बस्तियों के निवासियों को लाभान्वित करने के लिए सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जटिया हिल्स, हरिनगर एवं गणेशगढ के लिए हिल व्यू स्कूल के सामने जटिया हिल्स में 2 एवं 3 दिसम्बर को कच्ची बस्ती नियमन शिविर आयोजित होगा। 4 दिसम्बर को राजीव कॉलोनी एवं आंतेड कॉलोनी के लिए छतरी योजना में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### गरीबों को राशन सामग्री वितरण

**पुष्कर,**(निसं)। फाउंडेशन फियोर दी लोटो इंडिया द्वारा संस्था के अध्यक्ष दीपु महर्षि ने बुधवार को 120 जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री की वितरित की। संस्था द्वारा प्रत्येक माह सैकड़ों परिवारों को खाद्य सामठाी वितरित की जा रही है। वितरित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पुष्कर पालिका उपाध्यक्ष शिव स्वरूप महर्षि,पार्षद विष्णु सेन, सामाजिक कार्यकर्ता मनोहर सिंह सांखला, मिरोसलेव टोंकली, आना सेगुरोला व एथोनियो गार्सिया उपस्थित रहे।

### आदर्श आचार संहिता प्रभावी

**भीलवाडा,** (निसं)। जिले में पंचायतीराज संस्थाओं में 30.09.2021 तक जिला परिषद व पंचायत समिति के सदस्य के रिक्त हुए पदों के लिए उप चुनाव का कार्यक्रम राज्य निर्वाचन द्वारा घोषित किया जा चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) शिवप्रसाद एम नकाते ने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही उप चुनाव से संबंधित क्षेत्रों में राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियो के मार्ग दर्शन के लिए आदर्श आचांर सहिता प्रभावी हो गई है।

## सड़क पर खड़े ट्रक से टकराई पिकअप

**भीलवाडा,** (निसं)। गुलाबपुरा थाना क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह रूपाहेली भट्टे के पास एक पिकअप सडक पर खडे ट्रक से टकरा गई। पिकअप में सवार चालक व उसका साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के आगे का पूरा हिस्सा चकनाचूर हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से पहले दोनों घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। जहां से दोनों को महात्मा गांधी अस्पताल में रैफर कर दिया। इस हादसे के बाद कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। गुलाबपुरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह रूपाहेली भट्टे के पास मेवाड आईटीआई के सामने एक पिकअप सडक पर खडे ट्रक के पीछे से टकरा गया। जिससे पिकअप में सवार नीमच के कनावटी निवासी लक्ष्मण पुत्र शम्भूलाल नायक व संजय पुत्र कालूराम नायक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# एबीवीपी ने कुलपति को चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

**अजमेर,** (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार शुक्ला को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राजकीय विधि महाविद्यालय अजमेर के इकाई अध्यक्ष दिनेश चौधरी के नेतृत्व में 4 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

इकाई अध्यक्ष दिनेश चौधरी ने बताया कि कुलपति जी को 4 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जिसमें पहेली विधि महाविद्यालय में तृतीय वर्ष में अस्थाई प्रवेश जल्द से जल्द प्रारंभ हो। जल्द से जल्द खेल कैलेंडर जारी किया जाए जिससे प्रतिभावान खिलाडी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेलने से वंचित ना रहे। तीसरी राजस्थान में पंचायत और नगर निकाय के चुनाव हो रहे हैं तो राजस्थान सरकार को जल्द से जल्द छात्र संघ चुनाव कराने की अधिसूचना जारी कर छात्र संघ चुनाव करावे और जिन विद्यार्थियों की डबल फीस कट गई उन्हें जल्द से जल्द फीस रिफंड की जाए। मांगे जल्द से जल्द पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर बलराम अकोदिया, सुरेंद्र भूकर, सुआलाल गुर्जर, टीकम चंद, दिनेश गुर्जर, नरपत आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**एबीवीपी के कार्यकताओं ने एमडीएम कुलपति प्रो. अनिल कुमार को मांगपत्र सौंपा।**



**नागौर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बुधवार को बीकानेर रोड स्थित आईआईटी सेंटर औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया। उद्यिमयों के साथ निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने आईआईटी सेंटर औद्योगिक सेंटर के ड्रेनेज सिस्टम, पार्क व सड़कों आदि को देखा। इसके बाद न्यू रीको आईआईटी औद्योगिक क्षेत्र विकास समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक ली। आयोजित बैठक में न्यू आईआईडी औद्योगिक क्षेत्र विकास समिति के उपाध्यक्ष हीरालाल भाटी ने भी उद्यिमयों की समस्याएं रखते हुए उनका निराकरण करने की मांग रखी। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में सुविधाओं के विस्तार को लेकर भी अपने सुझाव दिए। बैठक में रीको के क्षेत्रीय महाप्रबंधक आरके गुप्ता, एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता आर.बी.सिंह, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता हिमांशु गोयल, नगर परिषद आयुक्त श्रवण चौधरी, मनीष यादव, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीको व विकास समिति के पदाधिकारी शिवकरण डेलु, धीरज सारस्वत, नितिन मित्तल, मेघराज सुथार, हरेन्द्र चौधरी, अश्विनी गहलोत व अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।**

## 4 महीने में ही टूटा मुख्य मार्ग का नाला

**डीडवाना,** (निसं)। डीडवाना की साल्ट रोड पर सार्वजनिक निर्माण विभाग की और से 4 महीने पहले नाले नाले का निर्माण करवाया था, मगर काम करने वाली फर्म और अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी की वजह नाला 4 महीने में ही टूटकर क्षतिग्रस्त हो चुका है।

जबकि यह मार्ग अजमेर, जयपुर, सीकर, दिल्ली सहित अनेक शहरों की ओर जाने का मुख्य मार्ग है। इस मार्ग पर हर समय रोडवेज, निजी बसों के अलावा भारी वाहनों का आवागमन लगा रहता है, मगर क्षितठास्त नाले की वजह से वाहन चालकों को भारी दिक्कतें हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से निर्माण करने वाली फर्म ने घटिया निर्माण सामठाी का उपयोग करके नाले का निर्माण करवाया जिससे मात्र 4 महीने में ही नाला टूट गया। नाले से जब रोड़वेज सहित अन्य वाहन गुजरते है तो हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। नाले के दोनों और विधुत विभाग की बडी लाइन के पोल भी लगे हुए है जिससे क्षितठास्त नाले की वजह से यह पोल भी वाहनों की चपेट में आकर टूट सकते है। स्थानीय लोगो ने समस्या को देखते हुए दोबारा नाला निर्माण करवाने की मांग की है।

**■ दोबारा नाला निर्माण करवाने की मांग की**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के कारण निर्माण करने वाली फर्म ने घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करके नाले का निर्माण करवाया और घटिया सामग्री से सडक का मरम्मत कार्य करवाया गया। इसकी वजह से मात्र तीन महीने में ही नाला टूट गया।

# ''आपकी समृद्धि हमारा संकल्प'' थीम के साथ संपन्न हुआ एसबीआई मेगा कस्टमर आउटरीच प्रोग्राम

**भीलवाडा,** (निसं)। एसबीआई मेगा कस्टमर आउटरीच कार्यक्रम बुधवार को नगर परिषद के महाराणा प्रताप सभागार में ''आपकी समृद्धि हमारा संकल्प'' थीम के साथ आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसबीआई बैंक के मुख्य महाप्रबंधक राजेश मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि भीलवाडा जिला कलेक्टर शिवप्रसाद एम नकाते एवं एसबीआई के महाप्रबंधक हेमंत करोलिया रहे। जिन्होंने भीलवाडा, राजसमंद चित्तौडगढ एवं अजमेर साउथ के जिलों के 596 ग्राहकों को लगभग 23 करोड के ऋण वितरित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि स्टेट बैंक ''आपकी समृद्धि हमारा संकल्प'' के नारे को साकार करने के लिए सदैव प्रयासरत है एवं किसानों, महिला समूह सहित सभी वर्गों की उन्नित के लिए हमेशा कटिबद्ध रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा लाभ देने के लिए बैंक रात्रि चौपालों का भी आयोजन कर रही है।

विशिष्ट अतिथि जिला कलक्टर शिवप्रसाद एम नकाते ने कार्यक्रम में मौजूद किसानों व महिला समूह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता सदैव किसानों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की रही है इसीलिए कृषको ओर महिला समूह को ज्यादा से ज्यादा लाभ लाभान्वित करने हेतु विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भीलवाडा जिला उद्योग क्षेत्र में भी सदैव अठाणी रहा है एवं यहां नए उद्योगों की स्थापना के लिए बेहतर कौशल प्रशिक्षित श्रमिकों की आवश्यकता है एवं इसके लिए स्टेट बैंक, राजीविका व अन्य संगठनों बैंकों के माध्यम से प्रशिक्षण देने की अपील की। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद कृषकों, महिला समूह को राजस्थान कृषि प्रसंस्करण योजना सहित केंद्र व राज्य सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने एसबीआई बैंक द्वारा भीलवाड़ा जिले सहित अन्य जिलों के ठााहकों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु ऋण वितरण करने पर सराहना की। विशिष्ट अतिथि हेमंत करोलिया ने कहा कि बैंक किसानों महिला समूह व हर वर्ग की सहायता के लिए सदैव तत्पर है एवं जिस प्रकार से विभिन्न श्रेणियों के आज यह ऋण वितरण किए गए, भविष्य में भी इसी प्रकार आत्मनिर्भर बनाने हेतु ऋण वितरित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में राजीविका के महिला समूह द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में नगर परिषद आयुक्त श्रीमती दुर्गा कुमारी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक राहुल देव सिंह, राजीविका प्रबंधक उम्रदराज पठान, भीलवाडा आर.एम. एम.जी व्यास, चितौडगढ आर.एम. सुतोष कुमार झा, राजसमन्द आर.एम. पुनीत बख्श, अजमेर आर.एम. वीरेन्द्र सिंह, भीलवाडा मुख्य प्रबंधक पंकज पोरवाल, जिला प्रबंधक रामप्रसाद शर्मा, जिला प्रबंधक गोविंद सिंह सहित बैंक, राजीविका के वरिष्ठ अधिकारीगण व चार जिले के महिला समूह व कृषक मौजूद रहे।




**एसबीआई मेगा कस्टमर आउटरीच कार्यक्रम नगर परिषद के महाराणा प्रताप सभागार में ''आपकी समृद्धि हमारा संकल्प'' थीम के साथ आयोजित हुआ।**

**■ 4 जिलों के 596 ग्राहकों को 23 करोड़ के ऋण वितरित किये**

## सार-समाचार

### 'संस्कारी बनाना ही मानव सेवा है'

**आसींद,** (निसं)। मानव को संस्कारी बनाना ही सर्वोच्च मानव सेवा है, जो सिर्फ अपनी ही सोच में डूबा है वह पशु है, लेकिन जो अपने स्वजनों का, अपने समाज का एवं सारी सृष्टि का हित सोचता है वह मानव है। आर्यावर्त के सभी धर्म प्रजा में ईमानदारी, सदाचारी,दया-दान, राष्ट्रप्रेम जैसे संस्कारो को जन-जन में पनपने का सिंचन करते है। उक्त विचार महावीर भवन में विराजित पंन्यास जिनांग यशविजय के सुशिष्य मुनि श्रमण यशविजय ने धर्मसभा में व्यक्त किये। मुनि ने कहा कि राजा रघु के दरबार में प्रतिवर्ष के बजट की चर्चा चल रही थी, कोई कहता था अधिक धनराशि विंकलांगो के उत्थान के लिए दी जाये, तो कोई पशुरक्षण, व्रद्ध आश्रम,दरिद्रता दूर करने, शिक्षण व्यवस्था, चिकित्सा सेवा में पूंजी निवेश का पक्षकार था। लेकिन अंत में बुद्धि शील महामंत्रियों से विचार विमर्श करके राजा रघु ने सबसे अधिक पूँजी निवेश प्रजा को संस्कारित करने में लगा दिया। यदि संतान संस्कारी होगी तो व्रद्ध आश्रम,गौ शाला की जरूरत ही नहीं पड़ेगी, प्रजा में दया दान के संस्कार फैल गए तो कोई भी गरीब भूखा नहीं सोएगा। यदि खुराक में अभक्ष्य भक्षण के त्याग के संस्कार होंगे तो वेधकीय सेवा की भी बहुत कम जरूरत पड़ेगी। इस तरह यदि प्रजा ही संस्कारित बन जाएगी तो अपने आप सभी क्षेत्रो की उन्नति हो जायेगी।

### हुरडा प्रधान ने अपना जन्मदिन मनाया

**गुलाबपुरा,** (निसं)। स्थानीय हुरडा पंचायत समिति प्रधान कृष्णा सिंह राठौड़ ने अपना जन्म दिवस सादगी से मनाया गया। प्रधान कृष्णा सिंह राठौड़ ने सुबह अपने ग्राम लाम्बा के विभिन्न मंदिरों में भगवान के दर्शन कर पूजा अर्चना की। दिन में नगर पालिका चेयरमैन सुमित काल्या व पूर्व चेयरमैन चेतन पेशवानी, केदार तोषनीवाल, पार्षद रामदेव खारोल, कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रधान राठौड़ के जन्मदिन पर उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी। क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने हाईवे होटल पर केक काट कर प्रधान राठौड़ का जन्मदिन मनाया व विभिन्न संस्थानों के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों, गणमान्यजन ने जन्मदिन पर बधाई व शुभकामनाएँ दी। असलम एग्रो एजेंसीज हुरडा रोड पर प्रधान राठौड़ के जन्मदिवस पर स्वागत कर मुंह मीठा कराकर बधाई व शुभकामनाएं दी।

### कंबल, टोपे, मौजे वितरित




**ब्यावर,** (निसं)। श्री लोकाशाह जैन नवयुवक मंडल की ओर से सर्दी सेवा अभियान के तहत कंबल, टोपे, मोजे वं मास्क वितरित किए। अध्यक्ष राजू भाई सेठिया ने बताया की कार्यक्रम लगातार दो माह तक चलाया जाएगा। रात्रि के समय खुले में सोने वाले जरुरतमंदों को कंबल टोपे, मोजे, मास्क आदि पाकर उनके चेहरे खिल उठे। रेलवे स्टेशन, राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय के पास, बस स्टेंड , सुभाष उद्यान एवं अनेक कच्ची बस्तियों में जाकर सेवा कार्य किया गया। इस दौरान हस्तीमल संचेती, अंकित रांका, ज्ञानचंद सेठिया, पारसमल संचेती,संजय चौरडीया,पवन पालेचा, दिनेश लोढा एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### प्रशासन गांवों के संग अभियान आयोजित

**मसुदा,** (निसं)। बुधवार को मसुदा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बेगलियावास में प्रशासन गांवो के संग 2021 अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। पंचायत समिति मसूदा के ग्राम पंचायत बेगलियावास में राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित प्रशासन गांवों के संग अभियान में मसूदा प्रधान ने पंचायत समिति मसूदा के ग्राम पंचायत बेगलियावास में राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित प्रशासन गांवों के संग अभियान में मसूदा प्रधान मीनूकंवर सुरेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा 104 आवासीय पट्टों, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृतियां जॉब कार्ड,राजीविका मिशन पशु सखी किट, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यक्रम में ऊर्जा विभाग द्वारा त्वरित मुफ्त विद्युत कनेक्शन के मीटर एवं कृषि विभाग द्वारा पाइपलाइन अनुदान एवं सीड ड्रिल की स्वीकृति पत्र अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को 50 प्रतिशत अनुदान से ऑटोमेटिक स्प्रेयर वितरित। शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी प्रियंका बड़गुर्जर, बिजयनगर तहसीलदार श्रीमति स्वाति झा, सरपंच संघ अध्यक्ष नरेंद्र विक्रम सिंह राठौड़, कृषिमंडी सेक्रेटरी, बेगलियावास सरपंच महेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व सरपंच भोजराज बैरवा, कैप्टेन प्रीतम सिंह जी जामोला, खुमाण सिंह राठौड़, चम्पा कोऑपरेटिव अध्यक्ष, सुखपाल जाट, 22 सरकारी विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

### नियमित विधार्थियों को एक ओर मौका

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2022 की परीक्षा के लिए आवेदन करने से वंचित रहे नियमित परीक्षार्थियों को आवेदन करने का एक और मौका देने का निर्णय लिया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. डी.पी. जारोली ने बताया कि नियमित परीक्षार्थी अपने विद्यालय के माध्यम से परीक्षा के लिए ऑफलाईन आवेदन पत्र 10 दिसम्बर तक भर बोर्ड में जमा करा सकेंगे। ऑफलाईन आवेदन पत्र के लिए विशेष शास्ति और दुगना परीक्षा शुल्क सहित 11200 रूपए जमा कराने होंगे। प्रायोगिक परीक्षा शुल्क अलग से देय होगा। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि कुछ विद्यालय प्रधानों ने बोर्ड से आग्रह किया था कि उनके विद्यालय के कुछ परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन करने से वंचित रह गये है। बोर्ड ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए ऐसे विद्यार्थियों को अपने विद्यालय के माध्यम से परीक्षा के लिए ऑफलाईन आवेदन करने का एक और अवसर दिया। इस संबंध में जानकारी बोर्ड की बेवसाइट पर उपलब्ध है।



*हर दिन दोपहर में एक बजने में जब पांच मिनट होते हैं तब लंदन में ग्रीनविच की ओल्ड आब्ज़र्वेटरी के फ्लैमस्टीड हाउस की छत पर लगी शोख नारंगी रंग की एक बॉल खंभे पर आधी नीचे आ जाती है, एक बजने में जब दो मिनट होते हैं तब यह ऊपर चली जाती है और ठीक एक बजे एकदम नीचे आ जाती है। जो भी इसे देख रहा होता है वह अपनी घड़ी का समय मिला सकता है। हालांकि आज के युग में तो सटीक समय जानने के लिए इन्टरनैट और जी.पी.एस. के अलावा कई तकनीक उपलब्ध हैं, पर विक्टोरियन काल में ''टाइम बॉल्स'' से ही समय जाना जाता था। उससे पहले तक लोग समय जानने के लिए चर्च के घंटों पर निर्भर रहते थे, पर वो एकदम सटीक समय नहीं बताते थे। हालांकि उस समय लोगों को सही समय जानने की इतनी जरूरत भी नहीं थी। सिर्फ पानी के जहाजों के कप्तानों को सही समय जानने की जरूरत होती थी। टाइम बॉल्स का विचार सबसे पहले रॉबर्ट वॉहोप ने प्रस्तावित किया था, जो यू.के. की नौसेना में कैप्टन था। रॉबर्ट ने बंदरगाहों पर टाइम बॉल लगाने का सुझाव दिया था ताकि सही समय का संकेत मिल सके। नाविक टैलिस्कोप से बॉल को देखकर जहाज का क्रोनोमीटर सैट कर सकते थे। पहली टाइम बॉल इंग्लैण्ड के पोर्ट्समाउथ बंदरगाह पर लगाई गई थी। यह इतनी सफल हुई कि, 1833 में, पहाड़ी पर बनी ग्रीनविच ऑब्ज़र्वेटरी में एक और टाइम बॉल लगाई गई जिसे आज भी देखा जा सकता है। अमेरिका में 1845 में यूनाइटेड स्टेट्स नेवल ऑब्ज़र्वेटरी, वॉशिंगटन, में पहली टाइम बॉल लगाई गई। ये टाइम बॉल्स प्रायः दिन में एक बजे खंभे पर नीचे गिरती थीं लेकिन अमेरिका में दिन में बारह बजे। समझा जाता है कि, बॉल ऑपरेट करने वाले एस्ट्रोनॉमर्स की वजह से दिन के बारह बजे की बजाय एक बजे का समय चुना गया। क्योंकि दोपहर 12 बजे सूर्य अपने चरम पर होता है और उस समय एस्ट्रोनॉमर्स बहुत व्यस्त होते हैं। दुनियाभर में बंदरगाहों पर आज भी 60 टाइम बॉल्स लगी हुई हैं, इनमें से कुछ काम भी कर रही हैं।*

# भाजपा का अकाली दल को भारी झटका

## दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं अकाली दल के वरिष्ठ नेता मनजिंदर सिंह सिरसा भाजपा में शामिल हुये

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। शिरोमणि अकाली दल के नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति (डीएसजीएमसी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गए। इससे अकाली दल के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पंजाब में अगले साल होने वाले चुनाव को देखते हुए यह बीजेपी के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

सिरसा ने पंजाब चुनाव से पहले पार्टी बदलने के बाद कहा, देश भर में सिख समुदाय से संबंधित कई मुद्दे हैं और इन्हें केवल सरकार ही हल कर सकती है। मैंने हमेशा इन मुद्दों को उठाया है। मैंने आज गृह मंत्री अमित शाहजी के साथ समुदाय के कुछ मुद्दों पर चर्चा की। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मंत्री ने कहा कि वह इन सभी मुद्दों को संबोधित करना चाहते हैं।

पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन से दो बार के पूर्व विधायक सिरसा केंद्रीय मंत्रियों गजेंद्र सिंह शेखावत और धर्मेंद्र प्रधान और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की। सिरसा ने बुधवार को भाजपा में शामिल होने से पहले डीएसजीएमसी के जनरल हाउस के सभी सदस्यों के समक्ष अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने इसके अलावा डीएसजीएमसी के आगामी आंतरिक चुनाव भी न लड़ने का एलान किया।

- **भाजपा में शामिल होने से पहले सिरसा ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।**
- **पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन से दो बार के पूर्व विधायक सिरसा केंद्रीय मंत्रियों गजेंद्र सिंह शेखावत और धर्मेंद्र प्रधान और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की।**

उस वक्त उन्होंने बेशक इसके पीछे निजी कारण का हवाला दिया, लेकिन शाम को उनके भाजपा में शामिल होने के बाद इस कारण का खुलासा हो गया।

उल्लेखनीय है कि, पिछले वर्ष अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की सलाह पर दिल्ली में सभी अकाली नेताओं ने भाजपा के साथ संबंध तोड़ दिए थे। यह भी कहा गया था कि अगर कोई अकाली नेता भाजपा के साथ संबंध रखता है तो उसे पार्टी से निष्कासित कर दिया जाएगा। ऐसे में अब सिरसा ने अकाली दल और दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी को छोड़ कर भाजपा को तरजीह दी है।

पंजाब के चुनाव प्रभारी गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, उत्तर भारत की राजनीति में सिख चेहरों में जो चेहरा दिमाग में आता है, वह सिरसा का है। भाजपा परिवार में इनका स्वागत है। पंजाब चुनाव में पार्टी को इसका लाभ होगा।

सिरसा के इस कदम से न केवल राष्ट्रीय स्तर की राजनीति, बल्कि दिल्ली की सिख राजनीति में भी हलचल है। इस पर शिअद के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं डीएसजीएमसी के महासचिव हरमीत सिंह कालका ने यूनीवार्ता से कहा, पार्टी के साथ गलत किया गया है।

यह सिरसा ही बता सकते हैं कि उन्होंने किसके दबाव में यह कदम उठाया है। जब सरकारों का हस्तक्षेप शुरू होता है तब ऐसी चीजें होती हैं। उन्होंने मेरे जरिए जनरल हाउस को इस्तीफा सौंपा है जो कानूनी रूप से मान्य करोना है, क्योंकि इस्तीफा जनरल हाउस में सौंपा जाता है, जिसे बुलाने की अभी पावर करोना है।

### दिल्ली में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दिसंबर को जब संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और अजय माकन जयपुर आएंगे, तब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ स्थानों का जायजा लेंगे।

उसके बाद तय होगा कि यह रैली किस जगह होगी। अब यह रैली राजस्थान की राजधानी जयपुर में होने के कारण राजस्थान पर अतिरिक्त भीड़ इकट्ठी करने का भी दबाव भी आ गया है।

# फोन टैपिंग मामले में गहलोत के ओ.एस.डी.को फिर तलब किया गया

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। दिल्ली पुलिस ने फोन टैपिंग मामले में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा को पूछताछ के लिए तलब किया है।

केंद्र सरकार में जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की शिकायत पर लोकेश शर्मा समेत अन्य पर फोन टैपिंग मामले में केस दर्ज किया गया था। इस मुकदमे के खिलाफ लोकेश शर्मा दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे थे। कोर्ट ने लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर 13 जनवरी तक रोक लगा दी थी।

जुलाई 2020 में सचिन पायलट खेमे ने मुख्यमंत्रीगहलोत के खिलाफ बगावत कर दी थी। इसके बाद गहलोत सरकार ने भाजपा पर विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोप लगाए थे। इसको लेकर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री

- **दिल्ली पुलिस पहले भी दो से तीन बार पूछताछ के लिए ओ.एस.डी. लोकेश शर्मा को बुला चुकी है।**
- **केंद्र सरकार में जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की शिकायत पर लोकेश शर्मा समेत अन्य पर फोन टैपिंग मामले में केस दर्ज किया गया था।**

गजेंद्र सिंह शेखावत का एक कथित टेप भी वायरल किया गया था। आरोप लगाया गया था कि वह कांग्रेस विधायक भंवरलाल शर्मा के साथ सौदेबाजी कर रहे हैं। हालांकि, बाद में यह मुद्दा शांत हो गया, लेकिन मार्च में भाजपा विधायक की ओर से पूछे गए एक सवाल में सरकार ने खुद माना कि उन्होंने विधिक प्रक्रिया अपनाकर कुछ खास लोगों के फोन टैप करवाए थे। इसके बाद काफी बवाल मचा और विधानसभा में भी इस पर काफी हंगामा हुआ था।

# अमेरिका में गोलीबारी में तीन छात्रों की मौत

वाशिंगटन, 1 दिसंबर (वार्ता/स्पूतनिक)। अमेरिका के मिशिगन में डेट्रायट के पास एक हाई स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना में तीन छात्रों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। ओकलैंड काउंटी अंडरशेरिफ माइकल मैककेबे ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण की बात है कि मुझे यह रिपोर्ट देनी पड़ रही है कि अभी हमारे पास तीन मृतक हैं, ये सभी छात्र हैं।

उन्होंने बताया कि गोलीबारी करने वाला व्यक्ति हाई स्कूल का 15 वर्षीय छात्र है और उसे हिरासत में ले लिया गया है।

गोलीबारी करने के पीछे का मकसद अभी पता करोना चल पाया है।

# ग्यारह देशों से आये यात्रियों में छह कोविड संक्रमित पाये गये

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर (वार्ता)। सरकार ने कहा है कि कोविड के मद्देनजर जोखिम वाले देशों से आये 3476 यात्रियों में से छह कोविड संक्रमित पायें गये हैं और उनके नमूने जीनोम सीक्वेंसिंग के लिये भेजे गये है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि ओमिक्रोन के मद्देनजर सरकार पूरी सावधानी बरत रही है और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की कड़ी निगरानी की जा रही है। कोविड के मद्देनजर जोखिम वाले देशों से 11 उड़ानें भारत आयी हैं और इनमें 3476 लोग आयें हैं। इनमें छह व्यक्ति कोविड संक्रमित पाये

- **कोविड के ओमिक्रॉन वैरिएंट की आशंका के चलते इन यात्रियों के सैम्पल्स जीनोम सीक्वेंसिंग जांच के लिये भेजे गये।**
- **वहीं दूसरी ओर एक राहत भरी खबर है कि, सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने नये ओमिक्रॉन वैरिएंट के खिलाफ कारगर कोविशील्ड वैक्सीन की नई बूस्टर डोज़ तैयार करने के लिए ड्रग कन्ट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से इजाजत मांगी है।**

गये हैं। इनके नमूने जीनोम सीक्वेंसिंग के लिये भेज दिये गये हैं। करोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन से निपटने के लिए सीरम इंस्टीट्यूट ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत कंपनी ने कोविशील्ड का बूस्टर डोज बनाने और करोना के नए वैरिएंट से आपात स्थिति में निपटने के लिए ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से मंजूरी मांगी है। यह जानकारी सीरम इंस्टीट्यूट के अधिकारियों ने दी।

सीरम इंस्टीट्यूट में गवर्नमेंट एंड रेगुलेटरी अफेयर्स के निदेशक प्रकाश कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया को आवेदन पत्र भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि यूके मेडिसिन एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी ने एस्ट्राजेनेका की बूस्टर डोज को पहले ही मंजूरी दे दी है। प्रकाश सिंह ने बताया कि दुनिया लगातार करोना महामारी से जूझ रही है। ऐसे में कई देशों ने कोविड-19 वैक्सीन से निपटने के लिए बूस्टर डोज लगानी शुरू कर दी है।

# कश्मीर में मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गये

श्रीनगर, 1 दिसंबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद का एक स्थानीय कमांडर और एक विदेशी आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में मारा गया जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर संगठन के लिए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बनाने का काम भी करता था।

पुलिस ने जैश कमांडर यासिर पारे और विदेशी आतंकवादी फुरकान के मारे जाने को एक 'बड़ी सफलता' बताया है। उन्होंने बताया कि पुलवामा के कसबयार गांव में उस समय मुठभेड़ शुरू हुई जब सुरक्षा बलों की एक टीम ने आतंकवादियों की उपस्थिति की खुफिया सूचना मिलने के बाद इलाके में तलाश अभियान शुरू किया।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर 101 रु. महंगा हुआ

## इस बढ़ोतरी के बाद 19 किलो. का कमर्शियल गैस सिलेंडर 2101 रु. का हो गया है

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर (वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में 101 रुपये की बढोतरी की गयी है। अब 19 किलोग्राम वाले इस सिलेंडर की कीमत 2101 रुपये हो गयी है।

रसोई गैस सिलेंडर को दो श्रेणी में रखा गया है। पहला सब्सिडी प्राप्त और दूसरे गैर सब्सिडी वाला एलपीजी सिलेंडर है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर को इन दोनों श्रेणी से बाहर रखा गया है और तेल विपणन कंपनियां इसकी कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार के अनुरूप तय करती है।

तेल विपणन करने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के अनुसार राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत अभी 2101 रुपये है। कांग्रेस ने कामर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 101 रुपए की बढ़ोतरी को लेकर सरकार पर आज तीखा हमला किया और कहा कि यह सरकार बराबर जनता की जेब काटने में लगी है।

- **कांग्रेस ने इस मामले कहा कि, यह सरकार बराबर जनता की जेब काटने में लगी है।**
- **कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि, महंगाई लगातार बढ़ रही है और सरकार इस पर नियंत्रण करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने तंज किया कि, महंगाई से लोगों को राहत देने में नाकामी के बाद मोदी सरकार के जुमले जरूर कम हो गये हैं।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और सरकार इस पर नियंत्रण करने के लिए कोई कदम करोना उठा रही है। उन्होंने तंज किया कि महंगाई से लोगों को राहत देने में नाकाम मोदी सरकार के जुमले जरूर कम हो गये हैं।

गांधी ने कहा कि कामर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 100 रुपये से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जुमलेबाज भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई है, तब से महंगाई बेलगाम होती जा रही है। उन्होंने ट्वीट किया, जैसे-जैसे महंगाई बढ़ी, जुमलों के भाव गिर गए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा, अब कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 101 रुपए महँगा। लगता है, शादी के सीज़न में भाजपा सरकार लोगों की ज़िंदगी में रोज़ महंगाई का तड़का लगा रही है।

# 'ज्योतिबा फुले को भारत रत्न'

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (वार्ता)। रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में आरपीआई के लिए आठ से 10 सीटों की मांग की है।

आठवले ने संसद भवन में बुधवार को अमित शाह से भेंट की। इसके अलावा आठवले ने महात्मा ज्योतिबा फुले एवं अन्नाभाऊ साठे को मरणोपरांत 'भारत रत्न' से सम्मानित करने की मांग भी की। अन्नाभाऊ साठे मराठी साहित्य व कला-जगत के शिखर पुरुष, समाज सुधारक एवं क्रांतिकारी कवि थे। वहीं महात्मा ज्योतिबा फुले भी प्रसिद्ध समाज सुधारक, समाजसेवी, लेखक व दार्शनिक थे। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों के अधिकारों व उन्हें न्याय दिलाने के लिए आरपीआई निरन्तर संघर्ष कर रही है।

# निर्यात में वृद्धि

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर (वार्ता)। देश का वाणिज्यिक निर्यात इस वर्ष नवंबर महीने में सालाना आधार पर 26.49 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 29.88 अरब डालर रहा।

पिछले वर्ष इसी दौरान निर्यात 23.62 अरब डालर और नवंबर 2019 में 15.93 अरब डालर के बराबर था। नवंबर 1919 की तुलना में नवंबर 2021 में निर्यात वृद्धि 15.93 प्रतिशत है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीने अप्रैल-नवंबर 2021 में कुल वाणिज्यिक निर्याता 262.46 अरब डालर रहा जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 174.15 अरब डालर की तुलना में 50.71 प्रतिशत अधिक है।

अप्रैल-नवंबर 2019 भारत का वाणिज्यिक निर्यात इस अवधि में 211.17 अरब डालर था। उसकी तुलना में इस वर्ष निर्यात वृद्धि 24.29 प्रतिशत है।

इस वर्ष नवंबर में आयात सालाना आधार पर 57.18 प्रतिशत बढकर 53.15 अरब डलर रहा। पिछले साल नवंबर में आयात 33.81 डालर था। इसी तरह इस वर्ष अप्रैल-नवंबर के आठ माह में आयात 384.44 अरब डालर रहा जो पिछले वर्ष के 219.19 अरब डालर की तुलना में 75.39 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

नवंबर में व्यापार घाटा 23.27 अरब डालर रहा जबकि अप्रैल-नवंबर 2021 की अवधि में व्यापार घाटा 121.98 अरब डालर रहा।

- **नवम्बर में भारत के निर्यात में 26.49 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई।**

# 'हम भाजपा के खिलाफ एक मजबूत विपक्ष खड़ा करने के प्रयास में जुटे हैं'

## शरद पवार ने ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद यह बात कही

मुंबई, 1 दिसम्बर (वार्ता)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ वैकल्पिक विपक्ष देने का प्रयास किया जायेगा।

पवार के आवास सिल्वर ओक में बनर्जी और पवार के बीच आज अपराह्न लगभग एक घंटे तक बैठक चली और उसके बाद दोनों नेताओं ने संवाददाताओं को यह संयुक्त बयान दिया। पवार ने कहा कि बनर्जी के साथ उनके लंबे समय राजनीतिक संबंध रहे हैं।

बनर्जी आधिकारिक दौरे पर मुंबई आयी हैं और आज दोपहर बाद उन्होंने वाई बी चव्हाण केंद्र में शीर्ष उद्योगपतियों के साथ बैठक की। उन्होंने पश्चिम बंगाल में निवेश करने के लिए उद्योगपतियों को आमंत्रित किया।

उन्होंने कहा, देश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए हमने राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की, हम वर्ष 2024 के आम चुनाव में भाजपा के खिलाफ लड़ने का वैकल्पिक विकल्प कैसे दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी राजनीतिक पार्टी भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ेगी, वे उसका समर्थन करेंगे। इस अवसर पर बनर्जी ने कहा कि वह देश भर में दौरा कर रही हैं ताकि भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए एक मजबूत विपक्ष को एक

- **शरद पवार ने कहा, देश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए हमने राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की, हम वर्ष 2024 के आम चुनाव में भाजपा के खिलाफ लड़ने का वैकल्पिक विकल्प कैसे दे सकते हैं।**
- **उन्होंने कहा कि, जो भी राजनीतिक पार्टी भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ेगी, वे उसका समर्थन करेंगे।**
- **पवार ने कहा कि, ममता बनर्जी के साथ उनके लंबे समय से राजनीतिक संबंध रहे हैं।**

मंच पर लाया जा सके। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के बारे में उन्होंने कहा कि संप्रग कहां है, संप्रग करोना है, इसलिए हम विपक्षी दलों को एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं, भाजपा के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति ऐसा करोना कर सकता, इसलिए हमें एक साथ आने की जरूरत है। बैठक में बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, प्रशांत किशोर, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता जितेन्द्र अवाड और नवाब मलिक भी मौजूद थे।

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को कहा कि भाजपा देश के संविधान और लोकतंत्र के लिए खतरा है, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लगातार भाजपा के तानाशाही रवैये के खिलाफ लड़ रही है। उन्होंने कहा कि देश व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से ज्यादा महत्वपूर्ण है और भाजपा के खिलाफ अहंकार को अलग रखकर एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए नाना पटोले ने कहा कि भाजपा सत्ता, धन और सभी स्वायत्त संस्थानों का दुरुपयोग कर देश के लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। भाजपा के तानाशाही रवैये के खिलाफ कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के खिलाफ मजबूती से खड़े रहे हैं। गांधी ने भूमि अधिग्रहण कानून और तीन काले कृषि कानूनों के मुद्दे पर किसानों के साथ मजबूती से खड़े होकर मोदी सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

### मुआवजा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रखती है। मंत्री की प्रतिक्रिया में कहा गया कि मंत्रालय के पास मौतों का कोई रिकॉर्ड नहीं है, अत: मुआवजा दिए जाने का प्रश्न ही नहीं उठता। आंदोलन समाप्त करने के लिए मुआवजा देने की किसानों की एक मांग थी और कहा गया था कि मांगे मानने के बाद ही आंदोलन समाप्त किया जाएगा। दिल्ली की सीमाओं पर विरोध-प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा के अनुसार वर्ष भर चले आंदोलन में करीब 700 किसानों की मौत हुई। तिवारी अपने प्रश्न में यह जानना चाहते थे कि क्या प्रत्येक मृत किसान के परिवार को 5 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

# यूपी पेपर लीक मामले में परीक्षा नियंत्रक सहित तीन लोग गिरफ्तार

लखनऊ, 1 दिसम्बर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में टीचर्स एलिजबिलिटी टैस्ट - 2021 (यूपी-टी.ई.टी.) का पेपर लीक होने के बाद विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, सचिव संजय कुमार उपाध्याय सहित तीन लोगों को इस मामले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि, इस मामले में अब तक कुल 34 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले में किसी भी संदिग्ध को छोड़ा नही जाएगा।

एसटीएफ के अपर महानिदेशक अमिताभ यश ने बताया कि पैसे लेकर पेपर आउट कराने वाले गिरोह के सदस्य टप्पल निवासी गौरव कुमार को भी इस मामले में उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ से एसटीएफ ने गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा यूपी एसटीएफ ने प्रश्नपत्र छापने वाली एजेंसी आर.एस.एम. फिनसर्व लिमिटेड के निदेशक राय अनूप प्रसाद को भी गिरफ्तार किया है।

- **ए.डी.जी. कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि, इस मामले में अब तक कुल 34 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।**
- **उल्लेखनीय है कि, गत 28 नवंबर को उत्तरप्रदेश टी.ई.टी.परीक्षा आयोजित की गई थी। लेकिन परीक्षा शुरू होने से पहले ही प्रदेश के गाजियाबाद, मथुरा और बुलंदशहर से सोशल मीडिया पर पेपर आउट हो गया। जिसके कारण परीक्षा रद्द कर दी गई।**

इस एजेंसी को प्रश्न पत्र छापने का वर्क आर्डर संजय उपाध्याय ने जारी किया था। प्रश्न पत्र की छपाई के दौरान गोपनीयता एवं सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गयी, जिसकी वजह से पेपर आउट हो गया और परीक्षा रद्द करनी पड़ी।

उल्लेखनीय है कि, बीते माह 28 नवंबर को उत्तरप्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) दो पालियों में आयोजित की गई थी। लेकिन परीक्षा शुरू होने से पहले ही प्रदेश के गाजियाबाद, मथुरा और बुलंदशहर से सोशल मीडिया पर पेपर आउट हो गया। जिसके कारण परीक्षा रद्द कर दी गई। अभ्यर्थियों से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी गौरव कुमार ने कई अभ्यर्थियों से दो-दो लाख रुपये लेकर टीईटी का पेपर बेचकर मोटी रकम वसूला था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मामले के सख्ती से जांच के आदेश दिए और पूरे मामले को एसटीएफ को सौंप दिया था।

**राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा अरावली प्रिन्टर्स, जयपुर रोड, अजमेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908